# इन्द्रगुंजन

2018-19

*Harvest the rains* *Reap the gains*

## आई.बी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पानीपत

# OUR INSPIRATION
# OUR PILLARS OF STRENGTH

**Sh. Ashok Nagpal**
Vice-President

**Sh. Sameer Dhingra**
General Secretary

**Sh. Dharamveer Batra**
President

**Sh. Yudhishter Miglani**
Treasurer

**Dr. Ajay Garg**
Principal

हरियाणा राजभवन,
चण्डीगढ़ -160019
HARYANA RAJ BHAVAN,
CHANDIGARH – 160019

# संदेश

यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि आई० बी० कॉलेज, पानीपत अपनी "इन्द्रगुंजन" नामक पत्रिका का संस्करण प्रकाशित कर रहा है।

यह कॉलेज उच्च शिक्षा के लिए एक प्रतिष्ठित संस्थान है जो क्षेत्र के युवाओं की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा कर रहा है। इस महाविद्यालय ने अपनी स्थापना के बाद उल्लेखनीय प्रगति की है। महाविद्यालय द्वारा पत्रिका प्रकाशित करने से छात्र-छात्राओं को अपने लेखन, सम्पादन व रचनात्मक कौशल में पारंगत होने के साथ-साथ अपने विचारों की अभिव्यक्ति का अवसर मिलेगा। पत्रिका का प्रकाशन विद्यार्थियों में बौद्धिक स्तर व नैतिक मूल्यों को विकसित करने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

आई० बी० कॉलेज द्वारा "इन्द्रगुंजन" पत्रिका प्रकाशित करने पर मैं कॉलेज परिवार को शुभकामनाएं प्रदान करता हूँ और आशा करता हूँ कि यह कॉलेज शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक प्रगति करेगा।

(सत्येदव नारायण आर्य )

मनोहर लाल
MANOHAR LAL

मुख्य मन्त्री, हरियाणा,
चण्डीगढ़
CHIEF MINISTER, HARYANA
CHANDIGARH



# Message

It gives me immense pleasure to know that I. B. Post Graduate College, Panipat is bringing out next issue of its magazine "Indergunjan".

The publication of such journals not only highlights the activities and achievements of educational institutions, but also provides an opportunity to young inquisitive minds to give vent to their curiosity and thoughts so as to share their views with others.

I wish the publication all success and a bright future to the students.

(Manohar Lal)

Dr. KAILASH CHANDRA SHARMA
VICE-CHANCELLOR

Kurukshetra University
Kurukshetra -136 119 (INDIA)
(Established by the State Legislature Act XII of 1956)
(A+ Grade, NAAC Accredited)

# Message

I am glad to know that I.B. Post Graduate College, Panipat is going to bring out its college Magazine 'Indergunjan' shortly.

I am sure that the current issue of the magazine 'Indergunjan' will succeed in its mission of providing a forum to the students to give vent to their creative urge. The young budding writers will surely utilize this forum to do seminal write-ups on themes of their choice and thus enrich the pages of the magazine with pleasurable reading. Besides, the magazine would also serve as a repository of the distinctive achievements of the faculty and students in curricular and the extra-curricular fields.

My good wishes to the students, teachers and editorial board for the success of this magazine

**(Kailash Chandra Sharma)**

**श्रीमती रोहिता रेवड़ी**
विधायिका
पानीपत (शहरी)

# संदेश

मेरे लिए अत्यंत हर्ष का विषय है कि हमारे **आई.बी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय पानीपत** द्वारा **'इन्द्रगुंजन'** पत्रिका का प्रकाशन किया जा रहा है। शिक्षा छात्रों का विवेक जागृत करके उन्हें एक अनुशासित व सफल नागरिक बनाती है और छात्रों की प्रतिभा को और निखारने के लिए स्कूलों व कॉलेजों के कार्यक्रम भी सहायक सिद्ध होते हैं।

**आई.बी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय** के छात्रों ने उच्च शिक्षा ग्रहण करके अपने महाविद्यालय व देश का नाम रोशन किया है। आशा करती हूँ कि भविष्य में भी छात्रों के भविष्य को और उज्ज्वल व प्रेरणादायी बनाने के लिए शिक्षक अपना अहम् योगदान देंगे। क्योंकि यदि छात्र कभी ऊँचाईयों की सीढ़ी चढ़ता है तो उसमें सबसे बड़ा योगदान एक शिक्षक का होता है।

मैं महाविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों व प्रबंधकगणों के उज्ज्वल भविष्य व स्वस्थ जीवन की कामना करती हूँ व मैं **'इन्द्रगुंजन'** पत्रिका के सफल प्रकाशन की शुभकामनाएं देती हूँ।

(रोहिता रेवड़ी)

**श्रीयुत् महीपाल ढांडा**
विधायक
पानीपत (ग्रामीण)

# संदेश

अत्यंत हर्ष का विषय है कि आई.बी. महाविद्यालय, पानीपत अपनी वार्षिक पत्रिका 'इन्द्रगुंजन' का प्रकाशन करने जा रहा है। विद्यार्थियों के व्यक्तित्व में रचनात्मक विकास के लिए यह प्रयास सराहनीय है। मुझे विश्वास है कि यह पत्रिका नए युवा लेखकों को एक मंच प्रदान कर उन्हें तराशने का कार्य करेगी।

महाविद्यालय की पत्रिका संस्थान की गतिविधियों का दर्पण होती है। 'इन्द्रगुंजन' को मैं एक सकारात्मक प्रयास के रूप में देखता हूँ व इसके सफल प्रकाशन व विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ।

**(महीपाल ढांडा)**

**धर्मवीर बतरा**
प्रधान
आई.बी.कॉलेज प्रबंध समिति, पानीपत

# संदेश

आई.बी. कॉलेज पानीपत न केवल हरियाणा अपितु सम्पूर्ण पश्चिमोत्तर भारत में शिक्षा के क्षेत्र में सुप्रसिद्ध है । 62 वर्ष पूर्व संस्थापित यह महाविद्यालय विद्या के क्षेत्र में आज अपना वर्चस्व बनाए हुए है । इसमें विद्यार्थियों को पुस्तकगत ज्ञान–विज्ञान प्रदान करने के साथ–साथ उन्हें मानव से देवत्व की ओर कदम बढ़ाने के संस्कार भी दिए जाते हैं। यहाँ के विद्यार्थी समाज के विविध व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में जाकर इस महाविद्यालय की प्रतिष्ठा में अपना अमूल्य योगदान देते हैं।

प्रति वर्ष प्रकाशित होने वाली महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका 'इन्द्रगुंजन' अपने नाम को स्वयं सार्थक करती है। यह पत्रिका न केवल इस कॉलेज के प्रतिष्ठाता एवं दानदाता श्रीमान् इंद्रभान जी का स्मरण कराती है, अपितु भगवान इंद्र के समान गतिशील बने रहने की प्रेरणा भी विद्यार्थियों को प्रदान करती है।

महाविद्यालय के प्रबुद्ध विद्यार्थियों की प्रखर लेखनी से प्रसूत लेख, रचनाएं व संस्मरण, महाविद्यालय की सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं क्रीड़ा जगत् की गतिविधियों व छात्रों के अपने अविस्मरणीय क्षणों को भी प्रकट करते हैं।

मैं 'इन्द्रगुंजन' की प्रकाशन बेला के पावन अवसर पर आई.बी. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय गर्ग, समस्त शिक्षक व कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए संपादक मंडल का आभार व्यक्त करता हूँ।

मुझे पूर्ण विशवास है कि यह महाविद्यालय अपने प्राचार्य एवं शिक्षकों की दूरदृष्टि एवं प्रखर पुरुषार्थ के साथ भविष्य में भी इस तरह सफलता के नए आयाम स्थापित करेगा।

**धर्मवीर बतरा**

**अशोक नागपाल**
**उप-प्रधान**
आई.बी.कॉलेज प्रबंध समिति, पानीपत

# संदेश

अत्यंत हर्ष का विषय है कि महाविद्यालय के सत्र 2018-19 की पत्रिका 'इंजनगुंजन' का प्रकाशन हो रहा है। मुझे समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रमों में महाविद्यालय आने का सुअवसर प्राप्त होता है और यह देख कर अच्छा लगता है कि प्राचार्य डॉ॰अजय गर्ग एवं प्राध्यापकों के कुशल नेतृत्व में हमारे विद्यार्थियों का चहुंमुखी विकास हो रहा है। सभी प्रकार के शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक कार्यों में हमारे प्राध्यापक और कर्मचारी पूरी तन्मयता से सहयोग देते हैं। उनकी मेहनत और लगन का प्रतिफल है कि 'इंद्रगुंजन' पत्रिका का प्रतिवर्ष सफलतापूर्वक प्रकाशन होता है।

शिक्षा का उद्देश्य एक स्वस्थ मानव का निर्माण करना है। अतः अध्यापक का कर्तव्य यह है कि निहित पाठ्यक्रम के साथ-साथ नैतिक शिक्षा देकर गुरु बने, अध्यापक नहीं। गुरु हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाता है। संसार में व्याप्त पीड़ा, अवसाद, दु:खवाद, भोगवृत्ति, निराशा व कुंठा के कारण सभी मानव दुखी व निराश-हताश से दिखलाई पड़ते हैं। धनोपार्जन तो जैसे हमारे जीवन का लक्ष्य ही बन गया है। माता-पिता बच्चों की जरूरतें नहीं, इच्छाएं पूर्ण करने में लगे हुए हैं। इसी कारण हम उनको प्राप्त वस्तु का महत्व नहीं सिखा पाते और वे उस वस्तु का मूल्यांकन कीमत से करते हैं। भोग विलास की प्रवृत्ति विद्यार्थियों में बढ़ती जा रही है, जिस पर अध्यापक ही अपनी शिक्षा पद्धति से अंकुश लगा सकता है।

'इंद्रगुंजन' पत्रिका का उद्देश्य विद्यार्थियों को मानसिक रूप से मज़बूत करके उनका सर्वांगीण विकास करना है ताकि सुखात्मक और दुखात्मक दोनों ही अनुभूतियों को वे सहज भाव से ले सकें। सुख में इतने उन्मादी न बनें कि किसी की भावनाओं को ही आहत कर दें और दु:ख में इतने कमजोर भी न हों कि पलायन का रास्ता अपना लें। देश प्रेम की भावना, जोश, उत्साह, और राष्ट्रवाद की भावना उनके जीवन का लक्ष्य होना चाहिए क्योंकि इससे देश मजबूत होगा और अर्थव्यवस्था संपन्न होगी। नवजागरण के प्रेरणा स्रोत भारतेंदु जी ने अपनी पीड़ा इस प्रकार से व्यक्त की है :

**अंग्रेज राज सुख साज सजै सब भारी**
**पै धन विदेश चलि जात यहै अति रखवारी**

माना कि, अंग्रेज नहीं हैं आज, फिर भी विदेशी वस्तुओं के प्रति आकर्षण में कोई कमी नहीं आई। इस सोच से, ऐसी प्रवृत्ति से, देश की अर्थव्यवस्था कमजोर होती है। देश कमजोर होता है। अंततः मेरा संदेश विद्यार्थियों को यह है कि वे स्वामी विवेकानंद के सुविचारों को जीवन में आत्मसात करके जीवन जीना सीखें। चिंतन करें चिंता नहीं। एक समय में एक कार्य करें और ऐसा करते समय अपनी पूरी तन्मयता/आत्मा उसमें डाल दें और बाकी सब कुछ भूल जाएं। इस तरह सच्ची आत्मा व पवित्र मन से किया गया कार्य सफल होता है।

**अशोक नागपाल**

# From the Pen of the Principal

It is a matter of great pleasure that the latest issue of our college magazine is in your hands. It will not only showcase the activities and achievements of the college during the previous session but also bring to light the literary acumen and the depth of knowledge of the contributors of the write-ups.

On this occasion I would like to share my views on the ways to develop yourself to be successful after the completion of your courses. Although your main focus must always be on studies, yet the importance of extra-curricular activities and communication skills cannot be underestimated. These days your being versatile or an all-rounder can help you a lot. So, besides excelling in studies you should whole-heartedly participate in the activities of N.C.C., N.S.S., Sports, Debate, Quiz Contests and Cultural Programmes etc. to develop a dynamic personality.

Fix a lofty goal for yourself and pursue it with single-minded devotion. There may be temptations all around to detract your focus but you must stick to the sprit of the following lines of the great American poet, Robert Frost:

The woods are lovely, dark and deep,
But I have promises to keep,
And miles to go before I sleep,
And miles to go before I sleep.

If your endeavours are genuine and sincere, you will definitely achieve your goals as exhorted by Paulo Coelho:

*"When you want something; all the universe conspires in helping you to achieve it."*

Always remember that God helps those who help themselves. In the end I wish you all the best. May your cherished dreams come true!

**Dr. Ajay Kumar**
*Principal*

# Faculty of the College

| | |
|---|---|
| First Row (sitting): | Dr. Nidhi, Dr. Seema, Dr. Sharmela Yadav, Dr. Poonam, Dr. Arpana Garg, Prof. Kanak Sharma, Prof. Sonia, Prof. Neelam, Dr. Shashi Prabha, Dr. Sunita Rani |
| Second Row (sitting): | Dr. Kiran, Dr. Vinay Wadhwa, Dr. Rameshwar Dass, Dr. Mohd. Ishaq, Prof. P.K. Narula, Dr. Ajay Kumar (Principal), Dr. Madhu Sharma (Vice-Principal), Dr. Sunit Sharma, Dr. Anita Bajaj, Prof. Madhvi |
| Third Row (standing): | Dr. Nidhan Singh, Dr. Gurnam Singh, Prof. Ajay Pal Singh, Prof. Atul Kumar Ahuja, Prof. Pawan Kumar, Dr. Vikram Kumar, Dr. Jogesh, Lt. Rajesh Kumar |

# Non-Teaching Staff of the College

Sh. Romi, Sh. Ram Parsad, Sh. Ram Mehar, Dr. Madhu Sharma (Vice–Principal), Dr. Ajay Kumar (Principal), Sh. Prem Bajaj, Sh. Indu Bhushan Bhatt, Smt. Bimla Devi, Sh. Madan Kumar

# The Editorial Board of the Magazine

First Row (sitting): Dr. Jogesh (Hindi Section), Prof. Pawan Kumar (Science Section), Dr. Vinay Wadhwa (Chief Editor), Dr. Madhu Sharma (Vice-Principal), Dr. Ajay Kumar (Principal), Prof. Neelam (News Section), Dr. Nidhi (English Section), Prof. Madhvi (Commerce Section), Prof. Sonia Verma (Sanskrit Section)

Second Row (standing): Reena Malik (Student Editor, Hindi Section), Vijay (Student Editor, Science Section), Nidhi Rawal (Student Editor, English Section), Vandita Tanwar (Student Editor, Sanskrit Section), Tanya (Student Editor, Commerce Section)

# Editorial

*Dear Students*

Once there was an engine driver. He was such a man who used to look for rainbows when it rained, for stars when it was dark. As a result, he had a large circle of friends and admirers. Unfortunately, once his train met with an accident. He was badly injured and one of his feet had to be amputated. When his friends heard of this mishap, they called on him in the hospital. They had presumed that he would be depressed and gloomy. But to their astonishment, they found him cheerful and hopeful as ever. They couldn't control themselves for long and asked him, "What good will come out of this accident in which you have lost one of your feet?" The engine driver replied, "Now I will have to polish only one of my shoes".

Such incorrigible optimists are rare but they teach us that every cloud has a silver lining. They don't lose courage even in the worst of circumstances and finally achieve their goals and become the torch bearers of humanity. It is they who make all the great discoveries and inventions. They are the real benefactors of the human race. However, nowadays the world is too full of cynics, naysayers and pessimists who paint a gloomy picture of the present and the future.

There is a marked difference between the attitudes of a pessimist and optimist as defined by Sir Winston Churchill, "A pessimist sees difficulty in every opportunity and an optimist sees the opportunity in every difficulty". A pessimist sees a dark tunnel and an optimist sees light at the end of the tunnel. In fact, pessimism and optimism influence our achievements and success rate to a great extent. The former leads to weakness and the latter to power.

Therefore, it is wise and prudent to have an optimistic approach towards challenges and difficulties of life. It is the age of tough competition and securing a good position in life requires a lot of hard work, determination and devotion. In such a situation optimistic attitude will come to your help. It will multiply your strength and help you to achieve your goals.

Finally, always remember what Noam Chomsky said in this connection, "Optimism is a strategy for making a better future. Because unless you believe that the future can be better, it is unlikely you will step up and take responsibility for making it so."

**Dr Vinay Wadhwa**
Associate Professor
Dept. of English
(Chief Editor)

# इन्द्रगुंजन

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Hindi Section | 1-28 |
| 2. | English Section | 1-36 |
| 3. | Sanskrit Section | 1-12 |
| 4. | Science Section | 1-36 |
| 5. | Commerce Section | 1-18 |
| 6. | News Section | 1-28 |


आई.बी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पानीपत

# इन्द्रगुंजन

## सम्पादक मण्डल


**डॉ. अजय कुमार**
(प्राचार्य)

**डॉ. विनय वधवा**
(मुख्य-सम्पादक)

**डॉ. जोगेश बांगड़ (हिन्दी)**

**डॉ. निधि (अंग्रेजी)**

**श्रीमती सोनिया वर्मा (संस्कृत)**

**प्रो. पवन कुमार (विज्ञान)**

**सुश्री माधवी (वाणिज्य)**

**प्रो. नीलम (समाचार दर्शन)**


## छात्र-सम्पादक


**रीना रानी (हिन्दी)**

**निधि रावल (अंग्रेजी)**

**वन्दिता तंवर (संस्कृत)**

**विजय (विज्ञान)**

**तान्या (वाणिज्य)**

# हिन्दी विभाग

*लिखते तो वे लोग हैं, जिनके अंदर कुछ दर्द है, अनुराग है, लगन है, विचार है।*
*जिन्होंने धन और भोग विलास को जीवन का लक्ष्य बना लिया, वो क्या लिखेंगे?*

– मुंशी प्रेमचन्द

**सम्पादक**

**डॉ. जोगेश बांगड़**

**छात्र–सम्पादिका**

**रीना रानी**

## विषय सूची


1. साहित्य समाज का दर्पण : जीना एक कला है 2
2. इंसानियत 4
3. आतंकवादः अमानवीय कृत्य 4
4. व्यवहार में दृढ़ता कैसे लायें? 5
5. पिता 6
6. बेरोजगारी 6
7. बेटी हूँ मैं बेटी, तारा बनूंगी 6
8. भ्रष्टाचार 7
9. माँ बाप को भूलना नहीं 7
10. नारी की पीड़ा 7
11. मानवता 8
12. बेटियाँ 8
13. पृथ्वी बचाओ 8
14. दोस्ती 9
15. हिंदी बैठकें 9
16. बेटी की पुकार 9
17. वक्त नहीं 10
18. शिक्षक 10
19. स्वर्ग की मिट्टी 10
20. कैसे भूल पाएंगे 11
21. ऐ री माँ तू मन्नै पढ़ा दे... 11
22. नारी की महानता 12
23. नारी सशक्तिकरण 12
24. माँ की ममता 13
25. बुद्ध के अमृत वचन 13
26. इंसानियत 14
27. बेटी बचाओ 14
28. हुंह! ये बड़े 14
29. मेरी माँ 15
30. लक्ष्य 15
31. विचार 15
32. विदाई पार्टी 16
33. मुस्कान 16
34. मेरी मंजिलों की चाहत 16
35. भगत सिंह के लिए छोटी सी कहानी 17
36. बोलती है मोमबत्ती 17
37. पिता 17
38. बेटियां 17
39. फर्ज़ 18
40. मेरी माँ 18
41. भ्रष्टाचार 18
42. आनंद प्राप्तिः आज मनुष्य का लक्ष्य 19
43. विश्व शांति एवं महात्मा गांधी 20
44. दोस्ती 22
45. दोस्त अब थकने लगे हैं 22
46. बेरोजगारी 23
47. हमारी राष्ट्र भाषा हिन्दी 23
48. अमृत की बूंदे 24
49. हमारे देश में 24
50. चाणक्य ने कहा था 24
51. मातृभाषा 25
52. भोलापन 25
53. गरीबी 25
54. अनमोल वचन 26
55. समय का सदुपयोग 26
56. पहेलियाँ 27
57. लक्ष्य 28

# सम्पादकीय

## साहित्य समाज का दर्पण
## जीना एक कला है

***स्याही की भी मंजिल का अंदाज देखिए,***
***खुद-ब-खुद बिखरती है तो दाग बनाती है,***
***जब कोई बिखेरता है तो अल्फाज़ बनाती है।***

प्रिय विद्यार्थियों,

एक बीज की मानिंद विद्यार्थियों को भी विकसित होने के लिए संभावनाओं की जमीं और अवसरों का आकाश चाहिए। मनुष्य के लिये मात्र जीना ही काफी नहीं, बल्कि उसमें मानवता के अच्छे संस्कार होने चाहिए। हमारा महाविद्यालय विगत कई वर्षों से अपनी वार्षिक पत्रिका 'इंद्रगुंजन' के माध्यम से विद्यार्थियों में अच्छे संस्कार सींच रहा है। लेखन कार्य लेखक की मानसिक सृष्टि है, यह सृष्टि बहुत ही अद्‌भुत व आलौकिक होती है– नियति के सम्पूर्ण नियमों से सर्वथा स्वतन्त्र व उन्मुक्त। लेखन कार्य साहित्य की दोनों विधाओं गद्य व पद्य में अत्यंत लोकप्रिय होता आया है। भाषा व समाज के साथ-साथ साहित्य ने जन्म लिया। कलम से लिखे गये साहित्य का समाज पर प्रभाव निम्न पंक्तियों से दृष्टिगोचर होता है–

***कलम देश की बड़ी शक्ति है भाव जगाने वाली***
***दिल ही नहीं दिमागों में भी आग लगाने वाली।***

साहित्य में जो रचा जाता है वो हमारे जीवन जीने की कला पर निर्भर करता है, जीने की कला संस्कारों और वातावरण पर निर्भर करती है। माता-पिता समाज और गुरुओं का आदर्श होना भी जीने की कला में सहयोग देता है। 'सादा जीवन उच्च विचार' श्रेष्ठ जीवन जीने की उक्ति है। जीवन में सभी उतार-चढ़ाव देखते हैं, कुछ लोग एक झटके में टूट जाते हैं कुछ लोग जीवन की एक उड़ान से उद्देश्य की राह पकड़ जाते हैं। उदाहरण स्वरूप अब्राहम लिंकन में जीवन जीने का अलग दृष्टिकोण था। वे अत्यंत परिश्रमशील, सत्यवादी, व्यावहारिक और कुछ कर डालने की उत्सुकता लिए थे तभी तो झोपड़ी से व्हाइट हाउस तक पहुंचे।

जीवन में उन्नति के लिए मनुष्य तैयार रहे, किन्तु वास्तविक सफलता प्राप्त करने के लिए उसका हर कदम ईमानदारी का होना चाहिए। साहित्य में सभी का कल्याण करने का सामर्थ्य होता है। साहित्य की शीतल स्त्रोतस्विनी में अवगाहन करने से रजस व तमस् से विमुक्ति मिलती है, भौतिक कष्टों से छुटकारा मिलता है, मन का मैल कटता है, लौकिक राग-द्वेष से अवकाश मिलता है, अखंड आनन्द की प्राप्ति होती है क्योंकि साहित्य संकल्पनात्मक अनुभूतियों के संचित भण्डार को भरता है। इसीलिए सभी जनों को अन्य बातें छोड़कर साहित्योपवन में विचरण करने के लिए 'इन्द्रगुंजन' का नवीनतम अंक प्रस्तुत है।

यह नया अंक आप सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत बने, ऐसी मेरी कामना है। प्रतिबद्ध सम्पादक मण्डल के अथक प्रयासों से इस प्रयोजनमूलक सामग्री के प्रकाशन पर ढेर सारी बधाई। प्रस्तुत अंक में जिन युवा लेखकों का सहयोग मिला वे सभी आभार के पात्र हैं। जिन विद्यार्थियों के लेखन कार्य को इन्द्रगुंजन में स्थान प्राप्त नहीं हुआ वे निराश ना हों, भविष्य में अपनी रचनाधर्मिता की तरफ अग्रसर रहें।

छात्र-छात्राओं से महाविद्यालय परिवार आशा करता है कि वे पढ़-लिखकर उन्नति के पथ पर आगे बढ़ेंगे व भौतिक, वैज्ञानिक प्रगति के साथ-साथ अपनी सांस्कृतिक विरासत का निर्वाह करेंगे। इसी शुभकामना सहित सभी का धन्यवाद।

संकल्प, साहस और सर्वविजय हेतु आपको शुभकामनाएं।

***बाजुओं को जीतने का विश्वास तो दो,***
***फूलों को खिलने का अवकाश तो दो,***
***मंजिल का मिलना मुश्किल नहीं,***
***पाँवों को चलने का एहसास तो दो।***

**डॉ. जोगेश बांगड़**
सहायक-प्रवक्ता (हिन्दी विभाग)

# इंसानियत

शाम के समय सुमित्रा घर के कामकाज में व्यस्त थी तभी दरवाजे पर दस्तक हुई। उसने बाहर आकर देखा तो दरवाजे पर एक अधेड़ उम्र का चितकबरी दाढ़ी वाला सफेद कुर्ते पजामे में व्यक्ति खड़ा था। जैसे ही वह द्वार पर पहुंची उस अजनबी ने तपाक से पूछा, "क्या यह अस्मित का घर है?"

सुमित्रा ने जवाब दिया "हाँ! क्या बात है?" अजनबी ने तत्परता से कहा, "अस्मित को जल्दी बुलाओ।"

यह सुनते ही सुमित्रा घबरा गई। उसका बेटा तो एक घंटा पहले ट्यूशन चला गया था। उसके दिमाग में असंख्य प्रश्न छा गए। अपनी घबराहट को छिपाते हुए उसने पूछा "आप उसे क्यों मिलना चाहते हो? वह घर पर नहीं है।"

अजनबी बोला "उसे फोन पर बुला लो। मुझे उससे ही मिलना है, उसके आने पर ही मैं बात बताऊंगा।"

अब तो सुमित्रा के पैरों तले की ज़मीन खिसक गई। उसकी हालत और भी बदतर हो गई जब बार-बार मिलाने पर भी अस्मित का फोन नहीं मिला।

अपने अशांत मन को काबू करते हुए उसने उस अनजान व्यक्ति से कहा, "सब ठीक तो है। मेरे बेटे का फोन भी नहीं लग रहा है।" थोड़ा विवेक से काम लेते हुए उसने पूछा, "आपको घर का पता किसने दिया?"

सुमित्रा की हालत पर शायद अजनबी को तरस आ गया। अब की बार उसके आग्रह करने पर उस अनजान शख्स ने उत्तर दिया, "मुझे अस्मित का बटुआ मिला है जिसमें 2500 रूपये, मेट्रो कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस इत्यादि जरूरी दस्तावेज हैं। ड्राइविंग लाइसेंस से ही उसे घर का पता चला।" फिर उसने कहा वह 10 किलोमीटर का सफर साइकिल पर तय कर अस्मित को उसका पर्स देने आया है। बटुए में पूरे परिवार की फोटो दिखाते हुए उसने सुमित्रा का मिलान फोटो से किया व उसे पर्स थमाते हुए कहा, "आप पैसे जांच लो।"

सुमित्रा ने राहत की सांस ली परन्तु मन अभी भी बेचैन था। उसके मन में जिज्ञासा थी कि अस्मित का पर्स उस व्यक्ति के पास कैसे था। उसका बेटा फोन क्यों नहीं उठा रहा।

उस अनजान व्यक्ति ने बताया कि उसे वह बटुआ सड़क पर गिरा हुआ मिला था। सुमित्रा ने उस व्यक्ति की बात पर मन में अविश्वास के बावजूद यकीन करने की कोशिश की। उसने उस दूसरे मज़हब के व्यक्ति को कुछ रुपए इनाम स्वरूप देने का प्रयास किया परन्तु उस भले मानस ने रुपये तो दूर पानी का एक गिलास भी लेने से इंकार कर दिया।

सुमित्रा अभी भी संशय में थी। वह बारम्बार प्रभु से अपने बेटे की सलामती की प्रार्थना कर रही थी।

लगभग चार घंटे बाद अपनी सारी ट्यूशनें पूरी करने के पश्चात जब अस्मित घर आया तो माँ की जान में जान आई। शारीरिक रूप से तो सुमित्रा को सुकून था परन्तु मस्तिष्क में सैकड़ों विचार अभी भी कौंध रहे थे। आज परिस्थितिवश मन दूसरे धर्म के लोगों पर अविश्वास कर लेता है। उसे आत्मग्लानि हुई कि वह अजनबी बिना किसी लालच के 10 किलोमीटर साईकिल चलाकर उसके बेटे का बटुआ देने आया जबकि वह न मालूम कैसे कैसे विचारों के वशीभूत होकर उसकी ईमानदारी पर शक कर रही थी।

वास्तव में इंसानियत का धर्म सर्वोपरि है। किन्तु सभी धर्मों की इंसानियत की शिक्षा के बावजूद धर्म के नाम पर खून खराबा हो जाता है। सुमित्रा अब पूर्णतया शांत थी। उसने ईश्वर से प्रार्थना की, "हे प्रभु! सब को सद्बुद्धि दो। वसुदेव कुटुम्बकम् की भावना से सभी प्रेरित हों।" ऐसे विचार करते हुए सद्भावना की नई उम्मीद में वह निद्रा देवी के आगोश में चली गई।

**प्रो. नीलम**
सह-प्राध्यापिका (अंग्रेजी विभाग)

# आतंकवादः अमानवीय कृत्य

गुरूवार 14 फरवरी, 2019 के दिन जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुआ आतंकी हमला निन्दनीय घटना है। भीषण आतंकी हमले के जरिये आतंकियों ने देश के मान-सम्मान को सीधी चुनौती दी है। जम्मू-कश्मीर में तैनात अर्द्धसैनिक बलों ने इससे पहले इतनी अधिक क्षति का सामना नहीं किया जितना इस बार किया। पुलवामा आतंकी हमले में सीआरपीएफ के 40 जवान शहीद हो गए और न जाने कितने और जवान घायल हुए। जवानों का यह बलिदान व्यर्थ नहीं जाना चाहिए। शत्रु से

बदला लिया जाना आवश्यक ही नहीं अनिवार्य है। वास्तव में जैश और लश्कर सरीखे आतंकी संगठनों को समर्थन-संरक्षण देने वाला पाकिस्तान जब तक भारत को नुकसान पहुंचाने की कीमत नहीं चुकाता तब तक उसकी भारत विरोधी हरकतें बंद होने होने वाली नहीं है। अतः आज उन्हें फिर से 1965, 1971, 1999 के युद्ध में दी गई मात को याद दिलाने की जरूरत है। हमारे सैनिकों द्वारा उनकी बुजदिली और अमानवीय घटनाओं के बारे में उन्हें हर बार परास्त करके और उन्हें घुटनों के बल चलाकर दिए गए बार-बार जवाब को कुछ पंक्तियों द्वारा हमारे देश के सैनिकों के सम्मान में प्रस्तुत किया है कि–

"हमने लौटाए सिकंदर, सर झुकाए मात खाए,
हमसे भिड़ते हैं वे जिनका, मन धरा से भर गया है,
नरक में तुम पूछना अपने बुजुर्गों से कभी-भी
उनके माथे पर हमारी ठोकरों का ही बयां है -"

जिस देश की इतनी बड़ी सेना ने आत्मसमर्पण किया हो वह हमसे बात करें थोड़ा अजीब सा लगता है–

"कि सिंह के दांतों से गिनती, सीखने वालों के आगे
शीश देने की कला में, क्या अजब है क्या नया है,
जूझना यमराज से आदत पुरानी है हमारी
औकात दिखलाने की खातिर सर्जिकल स्ट्राइक किया है।"

**रवि किरन**
सहायक प्रवक्ता (राजनीति विज्ञान)

# व्यवहार में दृढ़ता कैसे लायें?

व्यवहार में दृढ़ता लाने का अर्थ यह नहीं कि आप दूसरों पर चिल्लायें, रौब जमायें, गुस्सा करें, दोष लगायें या उन्हें भयभीत करें। दृढ़ होने का अर्थ है कि आप अपने पक्ष में खड़े हैं और साथ ही दूसरों के अधिकारों का भी हनन नहीं कर रहे। अर्थात् स्पष्ट शब्दों में अपनी बात कहना या सबके सामने रखना। यह आपकी भावनाओं व विचारों का ईमानदारी से प्रस्तुतीकरण होता है। इसे प्रायः आत्मसम्मान व आत्म छवि से भी जोड़ा जाता है।

बचपन में ही हमारा निजी रवैया विकसित हो जाता है। उस पर हमारे परिवार, माहौल और यारों-दोस्तों का भी असर पड़ता है। यदि बचपन में आपको बड़े अनुशासन में रखें तो हो सकता है कि आप उन्हीं विचारों को जीवन में आगे चलाकर पेश करें।

अपने व्यवहार में दृढ़ता लाने के लिए नकारात्मक भाषणों व विचारों से बचना चाहिए। यदि आपने दृढ़ रवैया नहीं अपनाया तो आपके साथ या नीचे काम करने वाले आपकी योग्यता व रवैये को गंभीरता से नहीं लेंगे। यदि मीटिंग आदि में आपने दृढ़ता से अपना पक्ष नहीं रखा या दूसरे की अप्रसन्नता के बीच में अपना मत व्यक्त नहीं किया तो बॉस को आपकी योग्यता पर संदेह होने लगेगा।

इस तरह से दूसरे लोग आसानी से आपका फायदा उठा सकते हैं और आपकी योग्यता पर संदेह कर सकते हैं। कुछ लोग बिना किसी वजह से माफी मांगते रहते है। यह उनकी शक्तिहीनता का संकेत होता है। लगातार अभ्यास से अपने भीतर दृढ़ता पालें और शर्मिंदा होने की बजाय अपने से वादा करें कि आप अगली बार ऐसा नहीं होने देंगे। मनचाहा फल मिले या नहीं, अपने आप को प्रोत्साहित करते रहें। अपने हृदय की सारी घृणा निकाल कर इसे प्रेम से लबालब भर दें। हालांकि यह इतना आसान नहीं है परंतु लगातार प्रयास से यह संभव है। ऐसा करने पर ही आप अपने आप को मुक्त अनुभव कर पाएंगे।

आप जब भी अपना तर्क प्रस्तुत करें तो पूर्ण रूप से अपनी बात कहें। दूसरों की बात को ध्यान से सुने व उन्हें अहसास दिलाएं कि आप उन्हें सुन रहे हैं। जब भी आप बात करें तो ध्यान रहे कि आपकी पूरी बात स्पष्टता से सामने वाले तक पहुंच रही है या नहीं?

एक उदार हृदय शीघ्र ही अमूल्य हृदय बन जाता है।

**डॉ. गुरनाम**
प्रवक्ता (हिन्दी विभाग)

# पिता

कभी अभिमान तो कभी स्वाभिमान है पिता,
कभी धरती तो कभी आसमान है पिता
जन्म दिया है अगर माँ ने,
जानेगा जिससे जग, वो पहचान है पिता।

कभी कंधे पर बिठाकर मेला दिखाता है पिता,
कभी बनके घोड़ा घुमाता है पिता,
माँ अगर पैरों पर चलना सिखाती है,
तो पैरों पर खड़ा होना सिखाता है पिता।

कभी रोटी तो कभी पानी है पिता,
कभी बुढ़ापा तो कभी जवानी है पिता,
माँ अगर घर में रसोई है,
तो चलाता है घर जिसे वह राशन है पिता।

कभी हंसी तो कभी अनुशासन है पिता,
कभी मौन तो कभी भाषण है पिता।
माँ अगर है मासूम सी लोरी,
तो कभी ना भूल पाऊँगी वह कहानी है पिता।

कभी हंसी और खुशी का मेल है पिता,
कभी कितना तन्हा और अकेला है पिता।
माँ तो कह देती है अपने दिल की बात,
सब कुछ समय के आसमान सा फैला है पिता।

**डॉ. वन्दना रोहल कन्डोल**
सहायक प्रवक्ता (अंग्रेजी विभाग)

# बेरोजगारी

अरे ओ, जीवन से निराश योद्धाओं सुनो
सड़क पर भटकते बेरोजगारो सुनो
अंधेरे से निकलने को कुछ कर्म तो करो
अपनी स्थिति को जानकर कुछ शर्म तो करो।

कब तक कोसते रहोगे तुम अपनी सरकार को?
क्या भुला दोगे तुम दुनिया के तिरस्कार को
दुर्भाग्य से निकलने का जतन तो करो
अपनी धड़कनों को समझने का प्रयत्न तो करो।

माँ को ढेरों तमन्ना थी तेरे जन्म के बाद
पिता ने देखे थे सपने दशकों बाद
उनके ख्वाबों को आंखों में जगह तो दो
संभल जाएंगे पांव तेरे पहले सतह तो दो।

जन्म लेना, मर जाना नियति है संसार की
सोचा कभी क्या वजह थी तेरे अवतार की
मिट्टी हो जाएगी सोना, तुम स्पर्श तो करो
कर रही इंतजार मंजिल, तुम संघर्ष तो करो।

**प्रीती**
बी.ए. (प्रथम वर्ष)

# बेटी हूँ मैं बेटी, तारा बनूंगी

बेटी हूँ मैं बेटी, तारा बनूंगी, तारा बनूंगी मैं सहारा बनूंगी।
गगन पर चमके चंदा, मैं धरती पर चमकूंगी।

धरती पर चमकूंगी, मैं उजियारा करूंगी।
बेटी हूँ मैं बेटी तारा बनूंगी।

पढ़ूंगी, लिखूंगी मैं मेहनत भी करूंगी
अपने पांव चलकर मैं दुनिया को देखूंगी।

दुनिया को देखूंगी, मैं दुनिया को समझूंगी
बेटी हूँ मैं बेटी तारा बनूंगी।

फूल जैसे सुंदर बागों में खेलूंगी
तितली बनूंगी, मैं हवा को चूमूंगी।

हवा को चूमूंगी, मैं नाचूंगी गाऊंगी।

बेटी हूँ मैं बेटी, तारा बनूंगी
तारा बनूंगी मैं सहारा बनूंगी।

**नीलम**
एम.ए. हिन्दी (प्रथम वर्ष)

## भ्रष्टाचार

शराफ़त के जमाने अब कहां
यूं अकेले मत पड़ो यहां वहां।
समूहों के झुंड आसपास हैं
कोई साधारण कोई खास हैं।
हर कोई खींचने की फ़िराक में
मना करो आ जाते हैं आंख में।
जंगल छोड़ भेड़िए शहरों में आने लगे
सुंदर लिबासों में शरीफों को लुभाने लगे।
ख्वाब बेचने का व्यापार चल पड़ा
लालच में हर कोई मचल पड़ा।
समूहों में हर चीज़ जायज हो जाती है
विचारधाराएं खारिज हो जाती हैं।
नई दौड़ के तर्क नए
सत्य स्वयं भटक गया।
इंसान इंसानियत छोड़
समूह में अटक गया।
ईमान कम बचा
नियति तो बहुत स्पष्ट है।
शिकायत किससे करें
जब पूरा तंत्र ही भ्रष्ट है।

**रितु**
एम.ए. हिन्दी (प्रथम वर्ष)

## माँ बाप को भूलना नहीं

भूलो सभी को मगर, माँ बाप को भूलना नहीं,
उपकार अगणित है उनके, इस बात को भूलना नहीं।
पत्थर पूजे कई तुम्हारे जन्म के खातिर अरे,
पत्थर बन माँ–बाप का दिल कभी कुचलना नहीं।
मुख का निवाला दे अरे, जिनने तुम्हें बड़ा किया,
अमृत पिलाया तुमको, जहर उनके लिए उगलना नहीं।
कितने लड़ाये लाड़, सब अरमान भी पूरे किए,
पूरे करो अरमान उनके, बात यह भूलना नहीं।
लाखों कमाते हो भले, माँ–बाप से ज्यादा नहीं,
सेवा बिना सब राख है, मद में कभी भूलना नहीं।
संतान से सेवा चाहो, संतान बन सेवा करो,
जैसी करनी वैसी भरनी, न्याय यह भूलना नहीं।
सोकर स्वयं गीले में, सुलाया तुम्हें सूखी जगह,
माँ की अममीय आंखों को, भूलकर कभी भिगोना नहीं।
जिसने बिछाए फूल थे, हर दम तुम्हारी राहों में,
उस राहबर की राह के, कंटक कभी बनना नहीं ।
धन तो मिल जायेगा, मगर माँ–बाप क्या मिल पाएंगे,
पल पल पावन उन चरणों की, चाह कभी भूलना नहीं।
माँ बाप को भूलना नहीं॥

**मिथुन**
एम.ए. हिन्दी (प्रथम वर्ष)

## नारी की पीड़ा

इंसान तेरे जुल्म अत्याचारा तै, गर्भ में मारण आले हत्यारा तै।
तंग आली सूँ मैं बहोत ए घणी, ईब मान–सम्मान आले नारा तै॥

दिल तै इज्जत करो थाम, दिखावे करण की लोड़ नहीं।
किस बात पै हामने मारो, म्हारी किसी गेल होड़ नहीं॥

बेटियां नै पढ़ाते कोनी, जमा थारी या बात सही कोनी।
पैदा कर हस्पताल में छोड़ो, ज्याते मन्नै या बात कही॥

म्हारे में भी आत्मा सै, कोन्या बणी माट्टी गारे ते।
तंग आली सूँ मैं बहोत ए घणी, इन मान–सम्मान आले नारा तै॥

बेटे ते ज्यादा नाम कमा दूं, मौका देके देखो एक बार।
म्हारी बेबसी, म्हारी मजबूरी, थाम ए हामने करो लाचार॥

बेटियां का के जी करदा नी, बेटा ने दो थाम आदर सत्कार।
यूं तो माता–देवीयां ने पूज्जो, अर म्हारा थाम करो व्यापार॥

अरे मर्द कुहाण आलो, ईब भी समझ जाओ इशारे ते।
तंग आली सूं मैं बहोत ए घणी, इन मान–सम्मान आले नारा तै॥

मानवता मांनू सूं खत्म होगी, कुछ दीन–ईमान बचा होगा।
दुनिया बनावण आला दिखै, खूब चादर ताण के सोगा॥

इतना लिखते–लिखते बस, मेरा दिल ईब बहोत खूब रोगा।
मेरी पीड़ा ने समझो जदे, होवैगा इंसान इंसान कुहावण जोगा॥

किस तरो जान लिकड़े, हाथ लागै जब बिजली के तारा तै।
इंसान तेरे जुल्म अत्याचार तै, गर्भ में मारण आले हत्यारा तै॥
तंग आली सूं मैं बहोत ए घणी, इन मान–सम्मान आले नारा तै॥

**सुचिका**
बी.ए. (प्रथम वर्ष)

## मानवता

मानव देवता न बनें, कोई गम नहीं ।
मानव दानव न बनें, यह भी कम नहीं॥

न जिए दूसरों के लिए, कोई गम नहीं ।
दे जाने दूसरों को,यह भी कम नहीं॥

न बने सहारा किसी का, कोई गम नहीं ।
तोड़े न सहारा किसी का, यह भी कम नहीं॥

ना उठाए गिरे हुए को, कोई गम नहीं।
गिराए ना उठते हुए को, यह भी कम नहीं॥

ना जाने दूसरों को, कोई गम नहीं।
जान जाए स्वयं को, यह भी कम नहीं॥

मानव देवता न बने, कोई गम नहीं।
मानव मानव ही रहे, यह भी कम नहीं॥

**काजल**
बी.ए. (प्रथम वर्ष)

## बेटियाँ

बेटी कुल का दीप है, इसे बुझाने मत दो,
बेटी फूल है इसे खिलने दो, मुरझाने मत दो,

बेटी होने के नाते एक सवाल है मेरे भी मन में,
क्यों बेटियां जब उड़ना चाहती हैं,
तब उनके पंख काट दिए जाते हैं,

जब बेटियां करती पार चौखट, तो उठते हजार सवाल,
लेकिन करता बेटा पार चौखट, तो कोई न पूछे सवाल,

क्यों बेटियां ही देती हर जवाब, क्यों बेटियों को नहीं मिलता प्यार,
क्यों किसी के पास जवाब नहीं, क्या बेटियां इंसान नहीं,
क्यों बेटियों पर किया न जाता विश्वास,
क्यों बेटों को ही मिलता सभी का प्यार,



बेटे और बेटियों का भेदभाव खत्म करो,
दोनों को बराबर प्यार करो,

क्या भारत माता एक बेटी नहीं,
क्या कल्पना चावला एक बेटी नहीं,
क्यों बेटी माँ बाप की शान नहीं,
क्यों उनका अभिमान नहीं,

आखिर क्यों, आखिर क्यों?

**पायल त्यागी**
बी.ए. (प्रथम वर्ष)

## पृथ्वी बचाओ

हे इंसान, क्यों बन गए तुम शैतान,
मैंने तुम्हें आश्रय दिया,
तूने मुझे कष्ट दिए।
फिर भी मैं, तुम्हारा करती हूँ सम्मान,
हे इंसान, क्यों बन गए तुम शैतान॥

सोचा था कुछ अच्छा कर दिखाओगे,
मुझे सुंदर व हरा–भरा बनाओगे,
अपने हाथों से मुझे सजाओगे,
ये कभी नहीं सोचा था,
कि तुम मुझ पर प्रदूषण फैलाओगे ।
रसायनों को ऐसे ही बहाओगे,
कूड़ा करकट ऐसे ही बहाओगे,
नहीं करते तुम मेरा सम्मान,
हे इंसान क्यों बन गए तुम शैतान॥

बाढ़, सूखा, भूकम्प हैं आते,
दोषी तुम मुझे ठहराते,
नहीं देते तुम मुझको सम्मान,
क्या मिट जाएगी तुम्हारी शान,
हे इंसान, क्यों बन गए तुम शैतान॥

मुझ पर तुम फसल उगाते,
फल, फूल और सब्जियाँ पाते,
हरे–भरे खेत लहराते,
अधिक से अधिक उत्पाद हैं पाते,
अपना जीवन सफल बनाते
करती हूँ तुम्हारा सम्मान,
हे इंसान, क्यों बन गए शैतान॥

तुम सबकी भूख मिटाती,
अपनी गोद में तुम्हें खिलाती,
पेड़–पौधों की छाया दिलाती,
साफ–स्वच्छ हवा दिलाती,
एक बात हूँ सबको बताती,
मुझे बचाओ, और करो सम्मान,
तभी होगी, तुम्हारी पहचान,
हे इंसान, मत बनो तुम शैतान॥

**मंजीत**
बी.ए. (प्रथम वर्ष)

# दोस्ती

- वो दोस्त पुराने नहीं आते, उठ जाता हूँ
  भोर से पहले सपने सुहाने नहीं आते।
- अब मुझे स्कूल न जाने वाले बहाने नहीं आते।
- कभी पा लेते थे घर से निकलते ही मंजिल को,
  अब मीलों सफर करके भी ठिकाने नहीं आते।
- मुँह चिढ़ाती है खाली जेब महीने के आखिर में,
  अब बचपन की तरह गुल्लक में पैसे बचाने नहीं आते।
- यूं तो रखते हैं बहुत से लोग पलकों पर मुझे,
  मगर बेमतलब बचपन की तरह गोदी उठाने नहीं आते।
- माना कि जिम्मेदारियों की बेड़ियों में जकड़ा हूँ, क्यूं,
  बचपन की तरह छुड़वाने वो पुराने दोस्त नहीं आते।
- बहला रहा हूँ बस दिल को बच्चों की तरह,
  मैं जानता हूँ फिर वापस बीते हुए जमाने नहीं आते।

**रितिक**
बी.ए. (प्रथम वर्ष)

# हिंदी बैठकें

वैसे तो हर वर्ष बजता है नगाड़ा
नाम लूं तो नाम है हिंदी पखवाड़ा
हर वर्ष हर तिमाही होती है बैठकें
करके जलपान खत्म होती हैं बैठकें

इसे औपचारिक कहूँ या बहाना
या कहूँ इसे हिंदी का मजाक उड़ाना
हिंदी हैं हम, वतन है हिंदुस्तान हमारा
कितना अच्छा व कितना अपना है ये नारा

हिंदी में बात करें तो मूर्ख समझे जाते हैं
अंग्रेजी बोले तो जेंटलमैन समझे जाते हैं
अंग्रेजी का हम पर क्या असर हो गया
हिंदी का मुश्किल सफर हो गया

देशी घी आजकल बटर हो गया
चाकू नाइफ या कटर हो गया
नमस्कार आजकल हेलो हो गया
अपना साथी आजकल फैलो हो गया

हिंदी का पूर्ण सम्मान कीजिए
बेशक अंग्रेजी का भी ज्ञान लीजिए
अब मैं आपसे इजाज़त चाहती हूँ
हिंदी की सबसे हिफाज़त चाहती हूँ।

**पल्लवी**
बी.ए. (प्रथम वर्ष)

# बेटी की पुकार

जब जन्मी बाबुल के अंगना
बेटी कह धिक्कार दिया
बोझ, नालायक और कलंकिनी
जाने क्या–क्या नाम दिया
मैं रो–रोकर यही पूछती हूँ
क्यों ना बेटों सा अधिकार दिया।

जब मैं बनी किसी की दुल्हन
पांव की जूती कह नकार दिया
दहेज प्रथा के नाम पर मुझे
जलती आग में डाल दिया।
मैं रो–रो कर यह पूछती हूँ
क्यों ना पत्नी–सा सम्मान दिया।

जब जन्म दिया बेटे को
माँ का रूप धार लिया
कुछ ना सोचा, कुछ ना समझा
सब कुछ अपना वार दिया
बड़ा हुआ तो उसी बेटे ने
घर से है निकाल दिया
मैं रो–रो कर यही पूछती हूँ
क्यों ना माँ–सा मुझको प्यार दिया।

**नेहा राठी**
बी.ए. (प्रथम वर्ष)

मेहनत करने से दरिद्रता नहीं रहती, धर्म करने से पाप नहीं रहता,
मौन रहने से कलह नहीं होती।

– चाणक्य

## वक्त नहीं

हर खुशी है लोगों के दामन में,
पर हँसी के लिए वक्त नहीं।
दिन-रात दौड़ती हुई इस दुनिया में,
ज़िंदगी के लिए वक्त नहीं।



माँ की लोरी का एहसास तो है,
पर माँ को माँ कहने का वक्त नहीं।
सारे रिश्ते नाते तो मार चुके,
अब उन्हें दफनाने का वक्त नहीं।

सारे नाम मोबाइल में है, पर दोस्ती के लिए वक्त नहीं,
गैरों की क्या बात करें, जब अपनों के लिए वक्त नहीं।
आंखों में है नींद बड़ी, पर सोने के लिए वक्त नहीं,
पैसों की हवस में ऐसे दौड़े, कि थकने के लिए वक्त नहीं।

पराये के अहसास की क्या कद्र करें,
जब अपने सपनों के लिए वक्त नहीं।

तू ही बता ऐ ज़िंदगी, इस ज़िंदगी क्या होगा?
कि हर पल मरने वालों को जीने के लिए वक्त नहीं।

**सौरभ सिंह**
बी.ए. (प्रथम वर्ष)

## शिक्षक

शिक्षक है शिक्षा का सागर
शिक्षक बाटें ज्ञान बराबर
शिक्षक मंदिर जैसी पूजा
माता पिता का नाम है दूजा
प्यासे को जैसे मिलता पानी
शिक्षक है वो ज़िंदगानी,
शिक्षक न देखे जात-पात
शिक्षक ना करता पक्षपात
निर्धन हो या हो धनवान
शिक्षक को सब समान
शिक्षक माझी, नाव, किनारा
शिक्षक डूबतों का सहारा
शिक्षक का सदा है यही कहना
श्रम, लगन है सच्चा गहना॥

**कविता**
बी.ए. (तृतीय वर्ष)

## स्वर्ग की मिट्टी

एक दिन कक्षा में मास्टर जी आए,
आकर वो जोर से चिल्लाए!!
बोले बच्चो, देना ध्यान–
एक जटिल काम है आया,
कोई ना उसको कर पाया।
जो भी कोई स्वर्ग से
मिट्टी लाकर देगा मुझको,
बिना पढ़े ही इम्तिहान में
पास कर दूंगा उसको ॥

सुनकर वे सब हैरान,
सारे बच्चे अब परेशान॥
कौन मर कर ऊपर जाए,
स्वर्ग से मिट्टी लेकर आए॥

बुद्धिमान एक बालक ने युक्ति तभी लगाई,
अगले दिन वह मिट्टी लेकर आया।
मास्टर ने उसको फटकारा,
मुझे बेवकूफ बनाता है,
निकम्मा है तू नाकारा॥

कहां से लाया है यह मिट्टी उठाकर,
वापस फेंक आ इसको जाकर॥
रोते रोते बालक बोला–
सारे देव, सारी दुनिया
जिन चरणों को ध्याते हैं,
यह रज धूल माता-पिता की,
जहां सारे स्वर्ग समाते हैं॥

उत्तर सुन मास्टर जी
गदगद हुए–
लगाया बालक को गले,
बोले धन्य तेरे माता पिता॥

धन्य-धन्य तू बालक है॥
माता पिता ही रूप ईश्वर का,
वे ही सृष्टि के पालक हैं,
वे ही तेरी दुनिया हैं॥

**स्नेहा**
बी.ए. (तृतीय वर्ष)

## कैसे भूल पाएंगे

हम कैसे भूल पाएंगें
वो सुबह–सुबह मम्मी का कॉलेज के लिए उठाना
2 मिनट कहकर 10 मिनट सो जाना
अपनी ही मस्ती में तैयार होना
और देर-सवेर ही सही लेकिन कॉलेज पहुंच जाना
कैसे भूल पाएंगे।
वो लेक्चर में जागते हुए सोना
वो अपनी अलग ही दुनिया में होना
वो छुप–छुप कर लंच खाना
बाद में दूसरों को कैंटीन के लिए मनाना
कैसे भूल पाएंगे।
वो हर नजर का घड़ी का होना
वो हर पल के लिए अंदर ही अंदर रोना
समय ना बीतने पर
वो आंखों ही आंखों में घड़ी को कोसना
कैसे भूल पाएंगे।
वो टेस्ट के समय दोस्तों का भरोसा
ना सुनाने पर मैम का गुस्सा
घंटी न लगने पर
कॉलेज आने पर अफसोस जताना
कैसे भूल पाएंगे।
वो लॉन में बैठकर मैम का इंतजार करना
उनके कक्षा में जाने पर
कुछ लड़कियों को छुपते हुए देखना
और फिर हमारा कक्षा में जाना
कैसे भूल पाएंगे।
कैसे भूल पाएंगे॥

रितु
बी.ए. (तृतीय वर्ष)

## ऐ री माँ तू मन्नै पढ़ा दे...

ऐ री माँ तू मन्नै पढ़ा दे,
ऊंचा नाम कमाऊंगी।
मेहनत करकै आग्गै बढ़कै,
न्यारि वजीफे ल्याऊंगी।
जै भाई न तू दूध देवैगी,
मैं सब्जी मै काम चलाऊंगी।
घी धरकै बेसक ना दिए,
सूखी रोटी में काम चलाऊंगी।
यो कसम खाऊं, पढ़–लिखके,
मैं नंबर वन छोरी कहाऊंगी।
भेज स्कूल में मैंने पढ़ादे री,
ऊंचा नाम कमाऊंगी।
मेहनत करके आग्गे बढ़कै,
न्यारे वजीफे ल्याऊंगी।
घर के सारे काम करूं,
काम की ना टाला री।
सारे घर का काम करकै,
रात नै करूं पढ़ाई री।
भेज स्कूल मैं मन्नै पढ़ादे री,
ऊंचा नाम कमाऊंगी।
पैसे की कोई चिंता ना सै,
सरकार ने करी मुफ्त पढ़ाई री।
एक टेम का खाना दैवे,
हो जाते तेरै समाई री।
पाट्ये लत्या घर थारे,
मैं नूए काम चलाऊं री।
चाचा, दादा, ताऊ, मामा के,
काम में हाथ बटाऊं री।
भेज स्कूल में मन्ने पढ़ादे री,
ऊंचा नाम कमाऊंगी।
मेहनत करके आगै बढ़कै,
न्यारे वजीफे ल्याऊंगी।

पूजा रानी
बी.ए. (तृतीय वर्ष)

मुट्ठी भर संकल्पवान लोग, जिनकी अपने लक्ष्य में दृढ़ आस्था है,
इतिहास की धारा को बदल सकते हैं।

– महात्मा गाँधी

## नारी की महानता

नारी तू है इतनी महान।
पूरे जग की तू है शान॥

धन चाहिए तो लक्ष्मी की पूजा,
शक्ति चाहिए तो दुर्गा की पूजा॥
दहेज न लाए तो जिंदा फूँका,
कैसी दुर्दशा में देश हमारा ?
दुख में भी खुशी का देता नारा,
नारी तू है जग का सहारा॥

जीवनदाती है नारी तू,
पालनहारी है नारी तू।
जिम्मेदारियों का बोझ तेरे सिर पर,
क्यूं भटके तू किसी के दर पर?

तू धर्म स्वरूपा है तू कर्म स्वरूपा है,
तेरा हृदय कितना नरम है,
क्यों संसार तेरी स्वतंत्रता से गरम है?
मूर्ख है वो जो कमियां निकालते तुझमें,
समझते हैं संसार है उनके दम से,
सच तो है संसार बसता तेरे जन्म से॥

क्यों है लोग तेरी शक्ति से अनजान,
तू है दो परिवारों की शान ।
माँ–बाप करते तेरा कन्यादान ,
भ्रष्टाचारी मूर्खों को क्या इन सबका ज्ञान?

तू शक्ति, ममता का प्रतीक है,
फिर भी तेरा जीवन सटीक है,
हर क्षेत्र में आज तेरी जीत है,
तभी तो तू सबकी मीत है।
तभी तो ऐ! नारी,
जग में तेरी छाप अमिट है॥

**मीनाक्षी**
बी.ए. (तृतीय वर्ष)

## नारी सशक्तिकरण

भ्रूण हत्या, बाल विवाह की
शिकार हुई हैं नारियां,
घरेलू हिंसा, ताना–बाना
सब सह रही हैं नारियां।

बहुत सहा है अपमान और
बहुत सही हैं गालियां,
वेश्यावृत्ति और दास प्रथा
की शिकार हुई हैं नारियां।

जमुना देवी, गन्नो देवी,
कमला देवी नारियां,
दुर्गा बाई, लक्ष्मी बाई
बन रही हैं नारियां।

ऐसा कोई क्षेत्र नहीं
जहां नहीं पहुंची हो नारियां,
सदियों पुरानी जंजीरों को
तोड़ रही हैं नारियां।

नारी सशक्तिकरण के दौर में
बढ़ रही हैं नारियां,
देश की सीमा हो या अंतरिक्ष हो
सब जगह हैं नारियां।

निर्णय लेने में सक्षम
हो रही हैं नारियां,
शिक्षा पाकर देश को आगे
बढ़ा रही हैं नारियां।

गलतफहमी को दूर हटाओ
सशक्त हुई हैं नारियां,
पहले जैसी अबला नहीं
अब रही हैं ये नारियां।

**साक्षी**
बी.ए. (तृतीय वर्ष)

मन एक भीरू शत्रु है जो सदैव पीठ के पीछे से वार करता है।

– प्रेमचंद

# माँ की ममता

माँ की ममता ईश्वर का वरदान है
सच पूछो तो माँ इंसान नहीं भगवान है
माँ के चरणों में जन्नत का हर रूप होता है
माँ मे ईश्वर का हर स्वरूप होता है।

माँ जो हर बच्चे की दिल की चाह होती है
मुसीबत में एक नई राह होती है
जो हर किसी के करीब नहीं होती
जो हर किसी के नसीब नहीं होती।

माँ की अहमियत उनसे पूछो जिनकी माँ नहीं होती है
जो हर बच्चे की जान होती है
जो हर रिश्ते का मान होती है
सभी का एकमात्र अरमान होती है।

हर किसी को माँ की ममता मिलें अपनी माँ से
कभी कोई न बिछड़े अपनी माँ से
यही है मेरी एक मात्र दुआ उस खुदा से
जिनकी माँ हो उसे क्या पता कि माँ क्या होती है
माँ को जानना है तो उनसे पूछो जिनकी माँ नहीं होती।

**किरण रानी**
बी.ए. (तृतीय वर्ष)

# बुद्ध के अमृत वचन

1. स्वास्थ्य सबसे बड़ा उपहार है, संतोष सबसे बड़ा धन और वफादारी सबसे बड़ा संबंध है।
2. क्रोध, जलते हुए कोयले को किसी दूसरे व्यक्ति पर फेंकने की इच्छा से पकड़े रहने के समान है यह सबसे पहले आपका हाथ ही जलाएगा।
3. मन और शरीर दोनों के लिए स्वास्थ्य का रहस्य है– अतीत पर शोक मत करो, ना ही भविष्य की चिंता करो, बल्कि बुद्धिमानी और ईमानदारी से वर्तमान में जियो।
4. सबसे अँधेरी रात अज्ञानता है।
5. जिसने अपने आपको वश में कर लिया हो, उसकी जीत को देवता भी हार में नहीं बदल सकते।
6. इस पूरी दुनिया में इतना अंधकार नहीं है कि वो एक छोटी सी मोमबत्ती का प्रकाश बुझा सके।
7. अपना रास्ता स्वंय बनाएं। हम अकेले पैदा होते हैं और अकेले मृत्यु को प्राप्त होते हैं, इसलिए हमारे अलावा कोई और हमारी किस्मत का फैसला नहीं कर सकता।
8. वृक्ष की शाखा पर बैठा पंछी कभी भी इसलिए नहीं डरता कि डाल हिल रही है, क्योंकि पंछी डाली पर नहीं अपने पंखों पर भरोसा करता है। इसलिए सदा स्वयं पर विश्वास रखिये।
9. खुशियों का कोई रास्ता नहीं, खुश रहना ही रास्ता है।
10. एक जलते हुए दीपक से हजारों दीपक रोशन किए जा सकते है, फिर भी उस दीपक की रोशनी कम नहीं होती। उसी तरह खुशियाँ बाँटने से बढ़ती हैं, कम नहीं होती।



**डा. शशिप्रभा**
अध्यक्षा, हिन्दी विभाग

## इंसानियत

- "मंदिर" में दाना चुग कर चिड़िया "मस्जिद" में पानी पीती है।
- मैंने सुना है "राधा" की चुनरी कोई "सलमा" बेगम सीती है।
- एक "रफी" था जो महफिल महफिल "रघुपति राघव" गाता था।
- और एक "प्रेमचंद" था जो बच्चों को "ईदगाह" का पाठ सुनाता था।
- कभी "कन्हैया" की महिमा गाता "रसखान" सुनाई देता था।
- औरों को देखते हुए "हिन्दू" और "मुसलमान"। मुझे तो हर शख्स के भीतर "इंसान" दिखाई देता है।
- क्योंकि इस दुनिया में न "हिंदू" बुरा है ना "मुसलमान" बुरा है, जिसका "किरदार" बुरा है वो "इंसान" बुरा है।

**अजीत कुमार**
एम.ए. (प्रथम वर्ष)

## बेटी बचाओ

मैं भी लेती श्वास हूँ,
पत्थर नहीं इंसान हूँ।
कोमल मन है मेरा,
वही भोला सा है चेहरा।
जज्बातों में जीती हूँ,
बेटा नहीं पर बेटी हूँ।
कैसे दामन छुड़ा लिया,
जीवन के पहले ही मिटा दिया।
तुझसे ही बनी हूँ,
बस प्यार की भूखी हूँ।
जीवन पार लगा दूंगी,
अपना लो मैं बेटा भी बन जाऊंगी।
दिया नहीं कोई मौका,
बस पराया बना कर सोचा।
एक बार गले से लगा लो,
फिर चाहे हर कदम लो।
हर लड़ाई जीत कर दिखाऊंगी,
मैं अग्नि में जलकर भी जी जाऊंगी।
चंद लोगों की सुन ली तुमने,
मेरी पुकार न सुनी।
मैं बोझ नहीं पर भविष्य हूँ,
बेटा नहीं पर बेटी हूँ।

**प्रिया कौशिक**
एम.ए. (प्रथम वर्ष)

## हुंह! ये बड़े

बड़ा परेशान करते हैं ये बड़े हमारे साथ खुद को भी,
बड़ा हल्कास करते हैं ये बड़े हर बात को हमारी।
जान और सुरक्षा का बहुत सा ज्ञान,
उपदेश देते हैं ये बड़े।
मुफ्त में मिलता नहीं कुछ भी
आजकल यारो पर अपने
अनुभव का बेशकीमती खजाना
यूं ही बाटतें फिरते हैं ये बड़े।

हम तो पढ़ लिख के निकल जाते हैं अपने रास्ते,
रास्ता हमारा देखते
ठूंठ से खड़े रह जाते हैं बड़े।
तमाम झिड़कियाँ खाकर भी अपनों की,
जरा सा प्यार पाकर
फिर मुस्कुरा पड़ते हैं ये बड़े।
ज़िंदगी इनकी जहन्नुम सी
बना दी, फिर भी
हमको सदा खुश रखने की दुआ करते हैं ये बड़े।
बावजूद इसके कि मना कर दें बार–बार,
अपनी पलकें बिछा के
हमारा इंतजार करते हैं ये बड़े।
क्यों नहीं बैठते चुपचाप
एक कोने में,
घर की हर बात जानना चाहते हैं ये बड़े।
तमाम कोशिशें कर लो
इन्हें झुकाने की, टूट जाते हैं
पर नहीं झुकते, बड़े
खुद्दार होते हैं ये बड़े।
जरा से प्यार के दो बोल
बोल कर देखो,
पिघल कर बच्चों जैसे हँस
पड़ते हैं ये बड़े।
हां, बड़ा परेशान करते हैं ये बड़े।

**आरती**
बी.ए. (तृतीय वर्ष)

# मेरी माँ

खुद की मूरत है मेरी माँ
मेरी ज़िंदगी की नाव है मेरी माँ
मासूम है, भोली है
मेरे दिल की धड़कन है मेरी माँ
मुझे हर सुख देने वाली
मेरी जीवनदाता है मेरी माँ
चोट यहां लगती है पर दर्द वहां होता है
ऐसा रिश्ता है मेरी माँ

मेरा खुदा, मेरी ज़िंदगी
मेरे जीने का वजूद है मेरी माँ
मेरे जीने का वजूद है मेरी माँ
माँ है तो जग है
माँ नहीं तो जग नहीं
माँ बेटी का रिश्ता दुनिया का सबसे
अनोखा रिश्ता होता है

**मनीषा**
बी.ए. (प्रथम वर्ष)

# लक्ष्य

ज़िंदगी में ज्योति की एक लौ जगाओ,
इस छोटे से जीवन में खुद को कुछ बनाओ।
सोच के देखो दुनिया में तुम्हारी पहचान क्या है?
तुम्हारी आत्मा में बैठा वो अनजान क्या है?
अपने मन से कुछ सवाल करो, वो क्या कहता है?
ज़िंदगी के उस लक्ष्य को खोजो, वह कहां रहता है?
इस जीवन में तुम्हें कुछ तो करना पड़ेगा,
तुम्हें इस जग में कुछ ना कुछ बनना पड़ेगा।
इस जीवन को तुम यूं ही मत बिताना,
लेकर कुछ लक्ष्य खुद को कुछ बनाना।
तुम ही तो जग के जननायक बनोगे,
तुम ही तो अपने लक्ष्य का फैसला करोगे।
हाँ, जिस दिन तुम्हें वह लक्ष्य मिलेगा,
एक उज्ज्वल भविष्य तुम्हारे सामने आएगा।
अगर तुम कुछ नहीं करोगे तो जग तुम पर हंसेगा,
पर तुम कुछ बनोगे तो तुम्हें महान कहेगा।
यूं घूमकर जीवन को बर्बाद मत करना,
करके कर्म कुछ जीवन को आबाद करना।
बिना लक्ष्य तुम जीवन में हो जाओगे परेशान,
समय निकल जाएगा तो क्या करोगे इंसान।

**प्रियंका पुनिया**
बी.ए. (प्रथम वर्ष)

# विचार

- शुभ विचार करना अच्छी बात है और उससे भी अच्छी बात है उसे अमल में लाना।
- सीखने के इच्छुक व्यक्ति को पग–पग पर शिक्षक मिल जाते हैं।
- अध्यापक मोमबत्ती की तरह हैं, जो खुद जलकर दूसरों को प्रकाशित करते हैं।
- केवल विचारों में बहने वाले व्यक्ति जीवन में सफल नहीं होते।
- धर्म परिवर्तन माँ–बाप बदलने के समान है।
- देर से मिला न्याय अन्याय के समान है।
- भगवान की भक्ति करने से शायद हमें माँ ना मिले लेकिन माँ की भक्ति करने से भगवान अवश्य मिलेंगे।
- असफल होना अपराध नहीं परंतु सफलता हेतु प्रयास न करना अवश्य अपराध है।
- हम अपनी समस्याओं को उसी सोच से नहीं सुलझा सकते जिससे उनका जन्म होता है।
- यदि किसी बच्चे को उपहार न दिया जाए तो वह कुछ समय के लिए रोता है, परन्तु उसको संस्कार न दिया जाए तो वह सारी उम्र रोता है।

आपका दिन शुभ हो।

**अंजली**
बी.ए. (प्रथम वर्ष)

## विदाई पार्टी

जो थ्हारे गेल्याँ टेम बिताया याद म्हारे वो आवेगा,
थ्हारे गेल्याँ पढ़े लिखे यो टेम नहीं फेर आवेगा।

आवेगा वो टेम याद जो थ्हारे गैल बिताया सै,
याद करैंगे टीचर सारे जिनै तुम्हें सिखाया सै।

सभी टीचरों नैं मिलकै जो भी तुम्हें सिखाया सै,
धन्यवाद करो उन सब का, जिन्होंने जीवन ऊँचा बणाया सै।

इस साल के बाद कॉलेज तै थम सारे चले जाओगे,
अलग–अलग लेकर लक्ष्य जीवन सफल बणाओगे।

आपणा अर माँ–बाप का नाम इस जग में चमकाओगे,
सेवा करते–करते देश की आपणा जीवन बिताओगे।

आस करूँ मैं थम जीवन मैं ऊँचे चढ़ते जाणा,
होके सफल अपणे–काम म्ह कभी कॉलेज म्ह थम आणा।

जो कुछ भी सिख्या थमने वो हमको भी समझाणा,
बोहत दुख्या छाती के म्ह थ्हारा म्हारे बीच तै जाणा।

अध्यापक के बिना इस जीवन नै कोण ऊपर ठावैगा,
थ्हारे जैसा मित्र हमने कोई दुनिया म्ह ना पावेगा।

**रितिक**
बी.ए. (प्रथम वर्ष)

## मुस्कान

- मुस्कान दुश्मन को भी दोस्त बनाती हैं।
- मुस्कान आपके चेहरे की चमक को कई गुना बढ़ाती है।
- मुस्कान सफलता का मार्ग बनाती है।
- मुस्कान घृणा, कष्ट व दुःखों को दूर भगाती है।
- मुस्कान खुशी के राजपथ पर ले जाती है।
- आपकी एक मुस्कान कइयों के चेहरे पर मुस्कान ले आती है।
- चेहरे पर मुस्कान वास्तव में आपका असली सौन्दर्य है।
- मुस्कुराने में आपका कुछ खर्च नहीं होता परंतु इसका प्रभाव कमाल का होता है।
- इसीलिए ज़िंदगी के सफर में सदा मुस्कुराते रहिए।

**सिमरन**
बी.ए. (प्रथम वर्ष)

## मेरी मंजिलों की चाहत

मुझे याद है वो बचपन, वो जीवन में
कुछ कर दिखाने की चाहत
कुछ बनने की तमन्ना
वो जुनून, वो जोश
वो मजबूत इरादे
वो आशा, वो विश्वास
वो खुद से ही की गई सभी जिद्द
वो खुद से किए हुए वादे
वो कुछ पाने का इरादा
वो आसमानों की बुलंदियों में
मंजिल को तराशना
वो थकने के बावजूद भी चलते रहना
वो कई बार गिरकर फिर खड़ा होना
मुझे याद है वो सभी लम्हें
ठोकर खाने के बाद भी
चलते रहना
वो दर्द को सहन करना
बचपन से अब तक
बचपन से अब तक लोगों की कही हुई बातें
वो सब याद है मुझे
वो सागर की गहराइयों में
जीवन परखना
वो मुश्किलों के भंवर का
कभी चढ़ना कभी उतरना
वो सफलता का विश्वास
वो मंजिल को पाने का सफर
जारी है, जारी रहेगा....

जीवन में तकलीफ उसी को आती है जो हमेशा जिम्मेदारी उठाने को तैयार रहते हैं और जिम्मेदारी लेने वाले कभी हारते नहीं, या तो जीतते हैं या फिर सीखते हैं।

**सोनम**
बी.ए. (प्रथम वर्ष)

# भगत सिंह के लिए छोटी सी कहानी

माँ जब कल ये तेरा लाल फांसी के फंदे पर सो जाएगा, मौत की वादियों में खो जाएगा...

तब तुम रोओगी तो नहीं, अपना आंचल आंसुओं से भिगोओगी तो नहीं... माँ ने कहा... देश भक्तों की जननी तो अपने रक्त से गुलामियों के दाग धोती है और राष्ट्रहित पुत्रों के बलिदान पर सिंहो की नहीं... सियारों की माँ रोती है... और मैं तो सिंहों के सिंह, बब्बर सिंह भगत सिंह की माँ हूँ, मैं तेरी शहादत पर रोऊंगी नहीं, खुशी से वारी जाऊंगी... तू आज़ादी की दुल्हन लेने जा, मैं शगुन के लड्डू बटवाऊंगी और जा बेटे जा, ले आ स्वतन्त्रता का डोला, और मैंने अपने हाथों से तेरा रंगा बसंती चोला... जन्म जन्म के पुण्यों का जब फल देता है विधाता, तब जा के कोई नारी होती है, शहीदों की माता... अब बात आखिरी सुन ले, मेरे जिगर के टुकड़े... हँसते–हँसते फांसी चढ़ना, मेरे प्यारे पुत्र... मरते दम तक तन मन तेरा... जीवन देश पर मचले और वंदे मात्रम हो होठों पर, जब प्राण तुम्हारे निकलें...

**आंशु**
बी.ए. (प्रथम वर्ष)

# बोलती है मोमबत्ती

कहती है ये मोमबत्ती
हूँ मैं एक अहम हिस्सा
हर प्राणी की ज़िंदगी का
मेरे होते न रहता अंधेरा
हूँ मैं एक रोशनी की किरण
खुद जलती हूँ
रोज पिघलती हूँ
पिघल पिघल मोम बन जाती हूँ
देकर अपने प्राणों की आहुति
तुम्हें रोशनी दे जाती हूँ
कहती है यह मोमबत्ती
देकर अपने प्राणों की आहुति
आज इतनी खुश हूँ मैं
अपने प्राणों की आहुति देने से
आज ही संसार कुछ बन बैठा है
कोई कलेक्टर कोई कमिश्नर कोई अध्यापक
आज यह संसार कुछ बन बैठा है
आज यह संसार कुछ बन बैठा है ।

**मनीषा**
बी.ए. (प्रथम वर्ष)

# पिता

कभी अभिमान तो कभी स्वाभिमान है पिता,
कभी धरती तो कभी आसमान है पिता।
जन्म दिया है अगर माँ ने,
जानेगा जिससे जग, वो पहचान है पिता।
कभी कंधे पर बैठाकर मेला दिखाता है पिता,
कभी बनकर घोड़ा घुमाता है पिता।
माँ अगर पैरों पर चलना सिखाती है,
तो पैरों पर खड़ा होना सिखाता है पिता।

**रजनी**
सहायक प्राध्यापक (वनस्पति विज्ञान विभाग)

# बेटियां

बेटियां घर में संगीत की तरह हैं
जब बोलती हैं बिना रुके और सब कहते हैं
चुप भी कर जाओ
जब खामोश रहती हैं तो माँ कहती है
तबियत ठीक है ना
पापा कहते हैं घर में खामोशी क्यों है
भाई कहता है नाराज हो क्या
जब शादी कर दी जाती है सब कहते हैं
घर की रौनक चली गई
सच में बेटियां न रुकने वाला संगीत हैं

**चिंकी सलूजा**
सहायक प्राध्यापिका (जीव विज्ञान विभाग)

## फर्ज़

दुःख सहना माँ–बाप की खातिर,
फर्ज़ है तेरा, कोई एहसान नहीं।
कर्ज़ है उनका सिर पर तेरे,
भिक्षा या कोई दान नहीं।
माता–पिता के चरण छुए जो,
चार–धाम तीर्थ फल पावे।
जो आशीर्वाद वे दिल से दें,
भगवान भी वह टाल न पावें।

**शिवानी**
बी.एससी. (मेडिकल) प्रथम वर्ष

## मेरी माँ

दुनिया की नजरों में
अनपढ़ है मेरी माँ
अपरिचित है वह, सांसारिक कुटिलताओं से
लेकिन, सर्वोत्तम पाठिका,
है वो मेरे अंतर्मन की,
किशोरावस्था में प्रवेश करते समय
याद आती है माँ की सीख
बहन–बेटी पर किसी की,
टीका–टिप्पणी से पहले,
अपने घर में भी देखना।
सर्वोत्तम शिक्षिका है वो मेरे जीवन की
मेरा–मेरा राग अलापती दुनिया में
कहती–बेटा अपने लिए नहीं
सर्वहित के लिए जीना और गढ़ना
इस समाज को नए सांचे में,
जो मुक्त हो जाति–धर्म के भेद–भाव से।
सर्वोत्तम वाचिका है मेरे दुःखों की,
फंस जाता हूँ जीवन–भंवर में,
राह नहीं सूझती जब, मस्तक पर प्यारा सा हस्त स्पर्श,
हर लेता सभी झंझावतो को।
मेरी नजर में, सबसे पढ़ी–लिखी है माँ
कुंभकारा है वो मेरे
संस्कारों की, विचारों की।

**डॉ. जोगेश बांगड़**
सहायक-प्रवक्ता (हिन्दी विभाग)

## भ्रष्टाचार

- भ्रष्टाचार को समाज से करो दूर
  स्वयं को शामिल कर इसमें न हो चूर।
- भ्रष्टाचार की समाप्ति से समाज उन्नत होगा
  समाज के साथ बेहतर देश का निर्माण होगा।
- मनष्य की एक उम्मीद स्वयं को बनाए महान्
  भ्रष्टाचार का समाज से मिटाएं नामो निशान।
- ईमानदार नेता समाज में डंका बजाएगा
  साथ में भ्रष्टाचार की लंका जलाएगा।
- मनुष्य अपने आचरण से समाज को शक्तिशाली बनाएगा
  भ्रष्टाचार की आग को जड़ से खत्म कर दिखलाएगा।
- देश के पतन का एक कारण है भ्रष्टाचार
  इसकी समाप्ति की समाज में हो रही मांग बार–बार।
- न पैसे लेने, न पैसे देने चाहिए
  भ्रष्टाचार को समाप्त करने की कोशिश करनी चाहिए।
- देश को प्रभावशाली, शाक्तिशाली बनाना है
  भ्रष्टाचार को देश से भगाना है।
- देश को समृद्ध बनाने के लिए
  आगे आओ भ्रष्टाचार को भगाने के लिए।
- भ्रष्टाचार एक बहुत बड़ी समस्या है
  इसने हमारे देश को शिकंजे में कसा है।
- भ्रष्टाचार एक आर्थिक समस्या का कारण है
  देश की शुद्धता के लिए इसकी समाप्ति एक निवारण है।
- रिश्वत लेना, अनुचित धन संग्रह करना भ्रष्टाचार में आते हैं
  इसी कारण हम अशुद्ध समाज पाते हैं।
- देश में बढ़ता भ्रष्टाचार नैतिकता को गिराता है
  समाज में रिश्वतखोरों की संख्या बढ़ाता है।
- भ्रष्टाचार देश के विकास में रूकावट है
  इसकी समाज में अलग–अलग तरह की बनावट है।
- भ्रष्टाचार की समाप्ति से मुक्त एवं सुंदर समाज बनेगा
  इसी कारण हमारा देश विकास की ओर बढ़ेगा।

**दीपक**
एम.ए. (हिन्दी) द्वितीय वर्ष

# आनंद प्राप्तिः आज मनुष्य का लक्ष्य

आज हर व्यक्ति का लक्ष्य आनंद प्राप्त करना है। दिन-रात सभी उसी के प्रयत्न में लगे रहते हैं। जो जिस स्थिति में है उसी में उसे आनंद की अनुभूति हो रही है। सभी लोग इसलिए प्रफुल्लित हैं क्योंकि सभी को अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु साधन प्राप्त हैं। परंतु हम जिस स्वाभाविक आनंद की बातें करते हैं वह वस्तुतः इन्द्रियजनित सुख है। वह चिरस्थाई नहीं है, वह अस्थाई और कभी-कभी तो क्षणिक होता है। उदाहरण के लिए हम काम-भावना को ही लें। मन के छः विकारों, काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद और मत्स्र्य में काम सबसे भयंकर है। वह इन सभी शत्रुओं का सेनापति है। कामसुख क्षणिक होने के साथ-साथ हमारे शरीर बल, मनोबल, और प्राणशक्ति का बुरी तरह नाश करता है। इसलिए कहा भी जाता है, 'वे सभी सुख जिनसे इंद्रियों के विषय तृप्त हो, वास्तविक आनंद की कोटि में नहीं रखे जा सकते हैं। इन्हें केवल सुख कहना ही उचित होगा'।

पूर्ण आनंद वह है जहाँ विकृति न हो। किसी तरह की आशंका, अभाव या परेशानी न उठानी पड़ती हो। स्वाभाविक जीवन में जो आनंद मिल रहा है, उसमें हमारा अभ्यास बन गया है। इसलिए वह अनुचित हो तो भी वैसा नहीं लगता। आनंद से शुद्धतम आनंद की प्राप्ति के लिए दृष्टिकोण परिमार्जन की आवश्यकता अनुभव की जाती है। यही आनंद की परख की कसौटी कही जाती है।

लौकिक आनंद सिद्धिदाता नहीं है। इससे जीवन का उद्देश्य पूरा नहीं होता है। विचार, बुद्धि, तर्क, विवेक की जो साधारण तथा असामान्य शक्तियां मनुष्य को प्राप्त होती हैं, वे केवल सुखों के अर्जन में ही लगी रहें तो इसमें कुछ अनोखा नहीं। देखने वाली बात यह है कि जीवन दीपक बुझने के पूर्व क्या हमने अपने आपको पहचान लिया है कि हम कौन हैं? इस प्रश्न का सुलझ जाना ही सबसे बड़ी बुद्धिमानी है। आत्मज्ञान आनंद का मूल है। मनुष्य इस विषय में अज्ञानी बना रहे तो लौकिक जीवन में भटकते रहना पड़ेगा। सिद्धि आत्मा की शरण में जाने से ही मिल सकती है। मनुष्य की अन्यन्य आशंकाएँ आत्मज्ञान के अभाव में दूर होना संभव नहीं है। हम यह जो प्रतिदिन हैं, उससे भी स्पष्ट है कि हमें थोड़े आनंद की अपेक्षा अधिक शुद्ध और पूर्ण आनंद की तलाश है जो स्थाई और पूर्ण हो। ऐसा आनंद लौकिक जीवन में उपलब्ध नहीं है। तब फिर पारलौकिक जीवन की बात सामने आती है और आत्मा-परमात्मा पर भी ध्यान जाने लगता है। यह सिद्धि भगवान की शरण में जाने से मिल सकती है।

"जगद्गुरू शंकराचार्य" ने भी बताया है, 'यह संसार मरूभूमि है, इसमें सुख चाहते हो तो भगवान की शरण लो।' हम भोग से आनंद अनुभव करते हुए नहीं जानते कि इस संसार में कुछ और भी श्रेष्ठताएं हैं। विचार द्वारा यदि आत्मा और परमात्मा के अस्तित्व की बात समझ में आ जाए तो भोग की अपेक्षा त्याग में ही आनंद का अनुभव करने लगेंगे और तब दिन-प्रतिदिन मूल लक्ष्य की ही ओर बढ़ते चलेंगे। फिर यह शिकायत नहीं रहेगी कि ईश्वर चिंतन में आनंद नहीं आता।

आध्यात्मिक आनंद भौतिक और स्थूल आनंद की अपेक्षा सहस्र गुना अधिक है। इसलिए विज्ञजन सदैव ही यह प्रेरणा देते हैं कि मनुष्य शारीरिक हितों को पूरा करने में ही न लगा रहे। मनुष्य जीवन जैसे असाधारण उपहार पर भी आंतरिक दृष्टि से कुछ विचार करें। बंधनमुक्त आनंद ही स्थाई होता है। विषयजन्य सुखों की अनुभूति तो होती है परंतु जिसे हम उचित समझते हैं, वह व्याधिकारक होती है। आनंद की कल्पना से किया गया कर्म यदि विक्षेप उत्पन्न करे तो उस आनंद को शुद्ध और पूर्ण मनुष्योचित नहीं समझा जाएगा।

आज हर घड़ी आनंद की खोज में ही हमारी जीवन यात्रा पूरी हो रही है परंतु शाश्वत, निरंतर तथा पूर्ण आनंद प्राप्त नहीं हो रहा है। हम शरीर के हित तो पूरे करते हैं किंतु शरीर में व्याप्त यह जो आत्मा है, उसे विस्मृत कर रहे हैं जबकि आत्मा ही हमारे अज्ञान, आसक्ति और अभावों को दूर करने में सक्षम होती है। ये तीन परेशानियाँ विघ्न पैदा न करें तो जिस आनंद की तलाश में हम हैं, वह इसी जीवन में उपलब्ध हो सकता है। आत्मा के विकास से ही अबाध, शाश्वत आनंद की प्राप्ति हो सकती है।

**रीना मलिक**
एम. ए. हिन्दी (द्वितीय वर्ष)

अच्छे शब्दों के प्रयोग से बुरे लोगों का भी दिल जीता जा सकता है।

- महात्मा बुद्ध

# विश्व शांति एवं महात्मा गांधी



प्रारंभ से ही यदि हम इतिहास के पन्नों को उल्टें तो पाएंगे कि सत्ता और शक्ति की लड़ाई अबाध गति से चलती रही है। राजनैतिक रंगमंच पर भी यह लड़ाई शुरू से लेकर आज तक विश्व मंच पर अवस्थित है। विकास की दौड़ में जो देश आगे तथा आर्थिक रूप से संपन्न रहा है, उसने अपने से कमजोर देश पर आक्रमण कर उस पर अपना प्रभुत्व स्थापित किया है। साथ ही उस देश की धर्म व संस्कृति को भी धराशाही कर अपने धर्म व संस्कृति का प्रचार एवं प्रसार किया है। मगर धर्म कोई वस्तु या व्यक्ति नहीं जो नष्ट हो जाए। बल्कि धर्म जीवन को गति देने वाला वह तत्व है जो सैद्धान्तिक नहीं व्यावहारिक है। सृष्टि के जो भी शाश्वत एवं सनातन नियम हैं, वही धर्म हैं। इसके बिना मानव जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। प्रत्येक धर्म विश्व शांति का आह्वान करता है और मानव कल्याण का पोषक होता है।

युद्ध की समस्या अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के सभी स्तरों पर कालों तथा लगभग सभी स्थितियों में ध्यान का केंद्रीय मुद्दा रही है। युद्ध एक संस्था के रूप में विकसित हो चुका है और उतना ही प्राचीन है जितनी मानवता। दो महायुद्धों की विभीषिका से गुजरे क्षतविक्षत विश्व के सामने आज की ज्वलंत समस्या है –"विश्व शांति"।

आज भी जब एक ओर शांति की चर्चा सर्वव्यापी है, युद्ध की आग यहाँ–वहाँ जलती रहती है। प्रश्न उठता है–क्यों? यदि इसकी जड़ में जाने की कोशिश करें तो एक कारण हम पाएंगे कि यह सारी लड़ाई धर्म की है। पूरे विश्व के साथ यह विडम्बना रही है कि हम धर्म का सही अर्थ खो बैठे हैं और उसे सांप्रदायिकता में बांधकर सीमित करते जा रहे हैं। आतंकवादियों का मकसद है–'शक्ति के बल पर सत्ता प्राप्त करना परंतु वे सहारा लेते हैं –धर्म का।'

वर्तमान में कुछ इस्लाम धर्मावलम्बियों की आतंकवादी कार्यवाहियां विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। जहां तक इस्लाम धर्म का सवाल है, मोहम्मद अली ने लिखा है– इस्लाम अरबी भाषा का शब्द है – जिसका अर्थ है– 'शांति में प्रवेश करना' परन्तु इस्लाम की इस परिभाषा से शांति के विध्वंसक आतंकवादियों का कुछ लेना–देना नहीं है।

प्रकृति के संघर्ष के व्याख्याता Darwin के सिद्धान्त का सहारा लेकर यह सिद्ध करने का प्रयास करते हैं कि चूंकि अस्तित्व के संघर्ष में योग्यतम को ही जीवित रहने का अधिकार है इसीलिए अस्तित्व के लिए निरंतर संघर्ष आवश्यक है। यदि इस तथ्य को स्वीकार कर भी लिया जाए तो प्रश्न उठता है कि वर्तमान युद्ध जीवन धारण का अधिकार किसे देता है, कौन इस युद्ध के फलस्वरूप मरता है और कौन जीता है। युद्ध में वे सैनिक लड़ते हैं जो जवान और मजबूत होते हैं और मारे जाते हैं, जो बच जाते हैं वे होते हैं– औरतें, बच्चे और बूढ़े। तो क्या वे जीवन धारण करने के योग्य होते हैं?

एक और मान्यता है कि युद्ध से सर्वश्रेष्ठ संस्कृति, सर्वश्रेष्ठ शासन और सर्वश्रेष्ठ जाति बच जाती है। क्योंकि युद्ध में जो हारता है उस पर विजेता अपनी संस्कृति और शासन पद्धति और जाति की विशेषता भी लादता है परंतु यह भी अनुपयुक्त है क्योंकि व्यवहार में ऐसा संभव नहीं है। जब दो जातियां मिलती हैं तब उनमें जातिगत विशेषताओं, संस्कृति एवं सभ्यता का आदान–प्रदान होता है और यह एकतरफा नहीं होता। इस प्रकार के आदान–प्रदान से दोनों प्रकार की संस्कृतियाँ और जातियाँ अपना मौलिक स्वरूप खो देती हैं।

कुछ लोगों का मत है कि इतिहास इस बात का साक्षी है कि बड़ी-बड़ी सभ्यताओं को अपने को बनाए रखने के लिए बड़ी-बड़ी लड़ाइयाँ लड़नी पड़ी हैं। ऐसे युद्ध–पोषक विचारक अपनी बात को सिद्ध करने के लिए रोम, यूनान एवं अरब राष्ट्रों का नाम लेते हैं जिन्होंने युद्ध को अपनी नीति जैसा अपनाया है। लिखित दस्तावेज और पुरातत्व सामग्री इस बात को सिद्ध करती है कि युद्ध सभ्यता के साथ जुड़े हुए हैं।

परन्तु यह बात हमेशा सत्य नहीं है। सिन्धु घाटी सभ्यता अपने प्राचीन रूप से इजिप्ट और सुमेर सभ्यता से कम नहीं थी और पुरातत्व के अनुसंधान इस बात को सिद्ध करते हैं कि इस सभ्यता ने युद्ध के बारे में कुछ भी नहीं जाना था। युद्धवादी तो यह भी कहने से नहीं हिचकते कि शांति और न्याय के लिए युद्ध आवश्यक है।

जबकि गांधी जी का यह मानना था कि शांति और न्याय युद्ध से प्राप्त नहीं होते। युद्ध के बाद जो शांति आती है वह सशस्त्र शांति होती है, हारने वाला कभी अपने हार से संतुष्ट नहीं हो सकता। वह प्रतिशोध के अवसर की तलाश में रहता है और सैनिक हार का प्रतिशोध सैनिक जीत से लिया जाता है। इसीलिए इतिहास में युद्धों का सिलसिला निरन्तर चलता आया है।

युद्ध हमारी समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं है। इसीलिए विश्व में स्थाई शांति और न्याय के लिए किसी और साधन की आवश्यकता है। परंतु वह साधन ऐसा होना चाहिए जो संतोषजनक हो साथ ही उत्प्रेरक, उत्साहवर्धक और महान गुणों को उत्पन्न करने वाला हो। इस प्रकार की वस्तु का श्रेष्ठतम उदाहरण–सत्याग्रह है। सत्याग्रह के गुणों की चर्चा करते हुए गांधी जी ने लिखा है–

"यह एक बहुधारी तलवार है जिसे किसी भी प्रकार प्रयोग किया जा सकता है। यह उसे भी संरक्षण देती है जो इसका प्रयोग करता है और उसे भी जिसके विरुद्ध प्रयोग किया जाता है। बिना एक बूंद रक्त गिराए बहुत दूर तक साथ देने वाले प्रतिफल उत्पन्न करती है। इसमें कभी जंग नहीं लगता और न इसे कोई चुरा सकता है।"

गांधी जी के बताए हुए अहिंसक रास्ते पर चलकर भारत स्वतंत्र हुआ। अहसहयोग व सविनय अवज्ञा आन्दोलन आदि कदमों की मदद से गांधी जी ने स्वराज्य का रास्ता तय किया। गांधीजी का चिंतन भारत ही नहीं समूचे विश्व के भद्रलोक (Elite) के लिए चिंतन का विषय है। गांधी ब्रिटिश साम्राज्यवाद के लिए जितना खतरनाक थे उससे भी ज्यादा खतरनाक वह पश्चिमी मूल्यों, संस्थाओं और मान्यताओं के लिए थे। वे पूंजीवाद, साम्राज्यवाद, उपनिवेशवाद, फासीवाद, सैनिकवाद, नस्लवाद के कट्टर विरोधी थे। गांधी जी ने राष्ट्रीय मामलों में ही नहीं बल्कि अंतर्राष्ट्रीय मामलों में भी किसी भी विवाद के हल के लिए सत्याग्रह को युद्ध से श्रेष्ठ माना है। इतिहास में ऐसे उदाहरण भरे पड़े हैं जहाँ गांधी ने अंतर्राष्ट्रीय धरातल पर अहिंसा को सर्वोपरि स्थान दिया है और अहिंसक सत्याग्रह को सर्वोच्चता प्रदान की है।

अमेरिका में Life Magazine नामक एक अखबार निकलता था। उन्होंने एक बार गांधी जी का इंटरव्यू लिया जिसमें यह सवाल पूछा गया कि– बापू यदि कोई शहर हो और उस पर Nuclear Attack हो तो क्या आप Non-Violence पसन्द करेंगे। तो उन्होंने कहा, हाँ मैं तो Nuclear Attack के समय भी Non-Violence पसन्द करूंगा। वह बोले मान लो यदि वहाँ के नागरिक मर भी जाएं तो उनका बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। उससे जो Spirit पैदा होगी वो सिर्फ उस शहर के लिए ही नहीं बल्कि सारी दुनिया के लिए एक बड़ा भारी सन्देश होगा। इससे बढ़िया कोई सत्याग्रह नहीं है।

सत्याग्रह की सार्थकता का एक ज्वलन्त उदाहरण गांधी जी ने प्रस्तुत किया। उन्होंने लिखा– "मोरक्को युद्ध के समय फ्रांसीसी बन्दूकें मोरक्को के अरबों के ऊपर तनी हुई थी। अरबों का विश्वास था कि वे अपने धर्म के लिए लड़ रहे हैं, उन्होंने मृत्यु के परवाह नहीं की और अल्लाह का नाम अपने अधरों पर लिए हुए तोप के मुंह की ओर दौड़ पड़े। फ्रांसीसी तोपचियों ने इन अरबों के विरुद्ध तोपों को चलाने से इन्कार कर दिया। उन्होंने तोपों को हवा में उछाला और आनंद से चीखते हुए अरबों की ओर दौड़ पड़े और उन्हें गले से लगा लिया।"

गांधीजी के आलोचकों ने गांधीजी की इस मान्यता के विरोध में यह कहा कि व्यक्ति और व्यक्ति के बीच संबंधों में सत्याग्रह उपयोगी हो सकता है किन्तु आधुनिक युग में जहाँ यंत्रीकरण के कारण मानवीय संस्पर्श न्यूनतम रह गया है, वहाँ यह उपयोगी नहीं होगा।

गांधी जी ने इस आलोचना को अस्वीकार कर दिया और कहा कि आतंक की नीति के पीछे यह मान्यता होती है कि यदि आतंक जोरों से फैलाया जाए तो उसका निश्चित फल होता है। किन्तु यदि यह मान लिया जाए कि लोग आतताई की इच्छानुसार प्रतिक्रिया नहीं करेंगे और न ही उसके साधनों से उस पर जवाबी हमला करेंगे तब वह आतताई आतंक को निष्प्रयोजन समझ कर छोड़ देगा। उन्होंने कहा– "कि यदि किसी को काफी भोजन प्रदान कर दिया जाए तो एक समय आएगा जब वह भरपेट महसूस करेगा। यदि दुनिया के सारे चूहे एक सम्मेलन बुला कर यह निश्चित करें कि वे बिल्ली से नहीं डरेंगे तो चूहे बच जाएंगे।"

आज के संघर्षमय वातावरण में यह गांधी ही हैं जो हमें प्रकाश की ओर ले जाते हैं। उनके विचार सर्वमान्य एवं सार्वकालिक हैं। गांधी जीवन दर्शन में किसी समस्या का हल हिंसा नहीं है। अब समय आ गया है कि ऐसे प्रश्नों पर विचार होना चाहिए। इससे पहले कि कोई बटन दबाए और राकेट छूट पड़े। इसमें संदेह है कि मानव सभ्यता एक और युद्ध झेल सकती है। इसीलिए विकल्प के बारे में सोचा जाना चाहिए। बल्कि इस संकट से बच निकलने का मार्ग अहिंसा का ही मार्ग है। भारत और विश्व को अपनी समस्याओं का हल गांधी जी के चिंतन और दर्शन में ही खोजना होगा। इस शताब्दी की त्रस्त मानवता

के लिए गांधी एकमात्र उत्तर है। गांधी जी द्वारा प्रतिपादित सत्य और अहिंसा के मार्ग पर नीग्रो गांधी 'मार्टिन लूथर किंक' नीग्रो समाज को अपने मौलिक अधिकार दिलाने में सफल हुए। नेलसन मंडेला 26 वर्षों तक जेल में रहने के उपरांत दक्षिण अफ्रीका में लोकतन्त्रीय सरकार बनाने में सफल हुए। स्पष्ट है कि गांधीवाद द्वारा विश्व को सुरक्षित रखा जा सकता है। समकालीन चुनौतियों के लिए एकमात्र गांधीजी ही प्रासंगिक हैं। राजीव गांधी ने महात्मा गांधी को न केवल 21वीं सदी का बल्कि आने वाली सभी सदियों का मसीहा कहा।

भारतवर्ष में गांधी की मूर्तियां बना दी गई हैं और उनके विचारों को उन मूर्तियों के साथ जड़ बना दिया गया। एक तरफ उनकी पूजा होने लगी और दूसरी तरफ उनके दर्शन एवं विचारों की घोर और अवहेलना। गांधी की पूजा आवश्यक नहीं है आवश्यकता इस बात की है कि हम गांधी के विचारों का नयी आवश्यकताओं व संदर्भों में पुनः मूल्यांकन करें।

आज गांधी जी के सिद्धांतों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी मान्यता प्राप्त है परन्तु इसके साथ यह भी एक तथ्य है कि कुछ लोग उनके सिद्धांतों के प्रति शंकालु और संदेहशील हो कर यह कह बैठते हैं कि गांधीवादी विचारधारा अब संदर्भ से बाहर की वस्तु हो गई है। उसके द्वारा हमारे समाज के हित साधन की कोई सम्भावना नहीं है, उसे तो किसी गहरे गड्ढे में दफना दिया जाना चाहिए। इसी मनोवृत्ति को लक्ष्य करते हुए यह लोकोक्ति चल पड़ी है कि–

"मजबूरी का नाम महात्मा गांधी"।

हमारी यह धारणा है कि गांधीवाद को ठीक तरह एवं गंभीरतापूर्वक समझने का प्रयत्न बहुत कम लोगों ने किया है। यदि मानव अपने अस्तित्व को बचाना चाहता है, अपना संरक्षण चाहता है तो उसे गांधी मार्ग को अपनाना ही होगा। मात्र यही मार्ग हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाला है–

"सौ–सौ निराशा रहे,
विश्वास यह दृढ़ मूल है
अनुकूल अवसर पर दयामय
फिर दया दिखलाएंगे,
वे दिन यहाँ फिर आएंगे,
फिर आएंगे, फिर आएंगे॥"

**डॉ. किरण मदान**
प्रवक्ता एवं अध्यक्ष, राजनीति विज्ञान

## दोस्ती

इंसानों की इस बस्ती में,
किसी को न देवता बनाइए।
प्यार की पूजा के लिए,
दिल को अपना मंदिर बनाइए।
अजनबियों की तरह जीना ही
पैगाम नहीं जिंदगी का,
दुश्मनों के शहर में रहकर भी,
हो सके तो कुछ दोस्त बनाइए।
नफरतों के घने अंधेरों में,
हासिल नहीं होता कुछ खास,
जिंदगी को पाने की खातिर,
कुछ निशान प्यार के बनाइए।

**आरती**
बी.एस.सी. (प्रथम वर्ष)

## दोस्त अब थकने लगे हैं

किसी का पेट निकल आया है,
किसी के बाल पकने लगे हैं....
सब पर भारी जिम्मेदारी है,
सबको छोटी–मोटी कोई बीमारी है।
दिनभर जो भागते दौड़ते थे,
वो अब चलते चलते भी रुकने लगे हैं।
पर ये हकीकत है, सब दोस्त थकने लगे हैं।
किसी को लोन की फिक्र है,
कहीं हेल्थ टेस्ट का जिक्र है।
फुर्सत की सबको कमी है,
आंखों में अजीब सी नमी है।
कल जो प्यार के खत लिखते थे,
आज बीमे के फार्म भरने में लगे हैं।
पर यह हकीकत है,
सब दोस्त थकने लगे हैं .....

**चिंकी सलूजा**
सहायक प्राध्यापिका (जीव विज्ञान विभाग)

## बेरोजगारी

वैसे आदमी रौबदार था,
पर बेचारा बेरोजगार था।
चप्पल क्या, एड़ियाँ घिसा रहा था,
पर रोजगार स्वप्न बुनता जा रहा था।

यूँ तो डिग्रियों की भरमार थी,
पर बिना सिफारिश सब बेकार थीं।
शायद यह पिछले कर्मों का नतीजा था,
वह किसी का भाई ना भतीजा था।

उसकी किस्मत यहाँ भी फुस्स थी,
क्योंकि उसके पास नहीं कोई घूस थी।
जब थका तो खून खौलने लगा,
दिन–रात बेरोजगारी पर बोलने लगा।

हर बेरोजगार उसके शब्दों को तोलने लगा,
बोलते–बोलते इतना आगे बढ़ गया,
कि राष्ट्रीय दल का नेता बन गया,
राष्ट्रीय बेरोजगारी संघ बना डाला।

दस–दस रूपये करके सबको मिला डाला,
बेरोजगार संघ बढ़ता जा रहा है,
उसकी अमीरी पर पैरामीटर चढ़ता जा रहा है।

आज भी वह बेरोजगार है,
फिर भी उसके पास बंगला, कार है।
नौकरी की एक से एक पेशकश आ रही,
पर सब ठुकराई जा रही हैं।

उसकी अपनी बेरोजगारी ही सबसे नेक है,
आज सब कुछ बेरोजगारी की देन है,
भला नेता नौकरी पर कैसे जा सकता है,
यह सदाबहार धंधा कैसे गंवा सकता है।

**प्रीति**
एम.ए. (द्वितीय वर्ष) (हिन्दी)

## हमारी राष्ट्र भाषा हिन्दी

हमारी राष्ट्र–भाषा 'हिन्दी' पिछड़ती जा रही है,
यह देख हमें लज्जा भी नहीं आ रही है।
हम आज हिन्दी दिवस मना रहे हैं,
पर हिन्दी दिवस पर भी अंग्रेजी में गा रहे हैं,
हम अंग्रेजी में बोलकर प्रभाव दिखा रहे हैं।
अपनी संस्कृति को भूलते जा रहे हैं,
हमारी राष्ट्र–भाषा हिन्दी पिछड़ती जा रही है,
यह देख हमें लज्जा भी नहीं आ रही है।

अनपढ़ नेता अंग्रेजी में भाषण दे रहे हैं,
जनता पढ़ा–लिखा सोचकर वोट दे रही है।
आज हमारी भाषा डूबती जा रही है,
पर हम कुछ भी नहीं कर पा रहे हैं।
हम अपना काम कल के ऊपर छोड़ रहे हैं,
उस कल के ऊपर आज को भी खो रहे हैं,
हमारी राष्ट्र–भाषा हिन्दी पिछड़ती जा रही है,
यह देख हमें लज्जा भी नहीं आ रही है।

मैं मानती हूँ अंग्रेजी भाषा भी जरूरी है,
पर 'हिन्दी' को राष्ट्र–भाषा की मंजूरी है,
हम अपनी सभ्यता को भूलते जा रहे हैं,
यह देख 'वंदिता' बहुत उदास हो रही है,
पर दुःखी हुए अपने मन को समझा रही है,
हमारी राष्ट्र–भाषा 'हिन्दी' पिछड़ती जा रही है,
यह देख हमें लज्जा भी नहीं आ रही है।

**वंदिता तंवर**
बी.ए. तृतीय वर्ष

मनुष्य का सबसे बड़ा यदि कोई शत्रु है तो वह है उसका अज्ञान।

– चाणक्य

## अमृत की बूंदे

- सुंदरता की खोज में संसार में घूमने की जरूरत नहीं वह तो हमारे अंदर है, जरूरत है तो उसे महसूस करने की।
- सुंदरता न पुरुष में होती है न स्त्री में, बल्कि प्रेम के उस पल में होती है जो पंख लगाए उन दोनों पर छा जाता है।
- कुरूप मन से कुरूप चेहरा अच्छा होता है।
- मनुष्य का स्थान हमेशा पद से ऊंचा होता है।
- प्रत्येक व्यक्ति का जन्म समाज में एक विशेष भूमिका निभाने के लिए होता है।
- जिसे जीतने का विश्वास होता है, वह अवश्य जीतता है।
- नम्रता से देवता भी वश में हो जाते हैं।
- जिस तरह कीड़ा कपड़ों को कुतर डालता है उसी तरह ईर्ष्या मनुष्य को।
- क्रोध मूर्खता से शुरू होता है और पश्चाताप पर खत्म होता है।
- सम्पन्नता मित्रता बढ़ाती है, विपदा उनकी परख करती है।
- तलवार की चोट उतनी तेज नहीं होती, जितनी जिह्वा की।
- तीन सच्चे मित्र हैं– बूढ़ी पत्नी, पुराना कुत्ता और एकत्रित धन।
- घर में मेल होना स्वर्ग के समान है।
- प्रेम मनुष्य को खींचने वाला चुंबक है।
- मनुष्य के तीन सद्गुण हैं –आशा, विश्वास और दान।

**मुस्कान**
बी.ए. तृतीय वर्ष

## हमारे देश में

बापू हमारे देश में
नेता है खादी के वेश में
प्रजातंत्र के रखवाले हैं
देश इन के हवाले है
किसान आत्महत्या करता है
शिक्षक काम के बोझ से मरता है
जनता भूख से बदहाल है
बापू देश का यह हाल है
न्याय बहरा गूंगा है
जनसेवकों ने जनता को ठगा है
जनतंत्र में भ्रष्टाचार है
हर पत्र में यही समाचार है
देश में सांप्रदायवाद एवं जातिवाद है
क्षेत्रवाद एवं भाषावाद है
आतंकवाद एवं नक्सलवाद है
परिवारवाद एवं अवसरवाद है
देश में कई बेईमान हैं
फिर भी हमारा भारत महान है
सड़कों पर लगता जाम है
यह समस्या आम है
नाम के लिए हर कोई मरता है
काम कोई नहीं करता है
बापू आजाद भारत की यह कहानी है
हिंदुस्तान की जनता की जुबानी है

**प्रीति शर्मा**
एम.ए. (प्रथम वर्ष)

## चाणक्य ने कहा था

1. कोई काम शुरू करने से पहले, स्वयं से तीन प्रश्न कीजिये – मैं यह क्यों कर रहा हूँ, इसके परिणाम क्या हो सकते हैं और क्या मैं सफल होऊंगा। और जब गहराई से सोचने पर इन प्रश्नों के संतोषजनक उत्तर मिल जाएँ, तभी आगे बढ़िए।
2. शिक्षा सबसे अच्छी मित्र है। एक शिक्षित व्यक्ति हर जगह सम्मान पाता है। शिक्षा सौन्दर्य एवं यौवन को परस्त कर देती है।
3. कोई व्यक्ति अपने कार्यों से महान बनता है, अपने जन्म से नहीं।
4. सबसे बड़ा गुरुमंत्र है : कभी भी अपने राज दूसरों को मत बताएं। यह आपको बर्बाद कर देगा।
5. फूलों की सुगंध केवल वायु की दिशा में फैलती है, लेकिन व्यक्ति की अच्छाई हर दिशा में फैलती है।
6. हमें भूत के बारे में पछतावा नहीं करना चाहिए, न ही भविष्य के बारे में चिंतित होना चाहिए, विवेकवान व्यक्ति हमेशा वर्तमान में जीते हैं।
7. कभी भी उनसे मित्रता मत कीजिये, जो आपसे कम या ज्यादा प्रतिष्ठा के हों। ऐसी मित्रता आपको खुशी नहीं देगी।
8. किसी भी व्यक्ति की वर्तमान स्थिति को देख कर उसका उपहास मत उड़ाओ क्योंकि काल में इतनी शक्ति है की वह एक मामूली से कोयले के टुकड़े को हीरे में बदल सकता है।
9. आलसी मनुष्य का वर्तमान और भविष्य नहीं होता।
10. अपने पिता की दौलत पर क्या घमंड करना। मजा तो तब है, दौलत अपनी हो और गर्व पिता करे।
11. जो शक्ति नहीं होते हुए भी मन से नहीं हारते, उन्हें दुनिया की कोई भी ताकत नहीं हरा सकती।

**डॉ रामेश्वर दास**
अध्यक्ष, इतिहास विभाग

## मातृभाषा

तुम हिन्दी से क्यों शर्माते हो,
अंग्रेजी को क्यों अपनाते हो।
मातृभाषा हिन्दी हमारी,
सब भाषाओं से है प्यारी।
स्वाभिमान की है निशानी,
देश की उन्नति की लिखी इसने कहानी।
सब भाषाओं की महारानी,
अन्य भाषाएं भरें इसके आगे पानी।
अंग्रेजी, उर्दू, बंगाली और राजस्थानी,
सब भाषाओं की है यह नानी।
भारत के गौरव की निशानी,
विश्व भर में जानी–मानी।
गांधी, नेहरू, पटेल की वाणी,
वाजपेयी ने रची राष्ट्रभाषा हिन्दी में भाषण देकर नई कहानी।
लेकिन दुःख इस बात का है,
आज के भारतीय ने इसे भुलाया है।
माँ जैसे प्यारे शब्द को मम्मी और मोम बनाया है,
लेकिन याद रखना अरे इंसान,
जिस प्रकार बिना माँ के संसार अधूरा है,
उसी प्रकार बिना मातृभाषा के देश–प्रेम अधूरा है।

**रीतु**
एम.ए. (द्वितीय वर्ष)

## भोलापन

बच्चों की हंसी में,
एक नन्ही कली में...
भोलापन दिखाई देता है।
खिलखिलाती धूप में,
माँ की फूँक में,
बच्चों के झूठे थूक में...
इक भोलापन दिखाई देता है।
सावन की बारिश में
मजाक की साजिश में
इक भोलापन दिखाई देता है।
रूठने–मनाने में
शादी के गानों में
बारिश में नहाने में ...
इक भोलापन दिखाई देता है।
दोस्ती की खुशी में
नानी की परी की झूठी कहानी में
इक भोलापन दिखाई देता है।
कान्हा की बांसुरी में
भोली की डुग–डुगी में
मारुति के रंग सिंदुरी में
इक भोलापन दिखाई देता है।

**रीना मलिक**
एम.ए. हिन्दी (द्वितीय वर्ष)

## गरीबी

एक दिन मुझे रास्ते में मिल गई गरीबी,
मैंने पूछा क्या हाल है।
मैं बोली, बहुत दिन हो गए तुम्हें भारत में रहते हुए,
कुछ दिन मायके रहने चली जाओ,
विदेश जाकर अपनी बड़ी बहन से मिल आओ।
गरीबी बोली,
इस देश से तो मेरा जन्म–जन्म का नाता है,
भला ऐसे भी कोई घर छोड़कर जाता है।
फिर आजकल तो मेरा नाम है,
आता चुनाव जीतने के काम है,
मैं नहीं रही तो ये किसे हरायेंगें,
चुनाव लड़ना भूल जाएंगे।
फिर भारत तो मेरे पति का घर है,
जवानी में ब्याह कर यहां आई थी,
अब बुढ़ापे में कहां जाऊंगी।
याद रखो गरीबी एक पतिव्रता स्त्री है,
किसी के हटाने से नहीं हटेगी,
डोली में सवार होकर आई थी,
कंधों पर सवार होकर जाएगी।

**नेहा**
बी.कॉम. (तृतीय वर्ष)

# अनमोल वचन

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। किन्तु मनुष्य के साथ–साथ इस पृथ्वी पर अन्य जीव भी अपना जीवन व्यतीत करते हैं,जैसे पशु, पक्षी, कीट–पंतगे आदि। जिस प्रकार मनुष्य को अपना जीवन प्रिय होता है, उसी प्रकार इन सभी जीवों को भी अपना जीवन प्रिय होता है। इस कथन को स्पष्ट करने के लिए मैं अपनी छोटी सी कहानी लिख रही हूँ।

एक बार एक साहूकार था। उसके चार पुत्र थे। वे सब प्रसन्नतापूर्वक रहते थे। साहूकार बुढ़ापे की अवस्था में आए ही थे कि किसी पुरोहित ने कहा– "तुम्हें अगले जन्म में सूअर की योनि मिलेगी।"

यह जानकर साहूकार चिन्ता में डूब गया कि अब मुझे क्या करना चाहिए? साहूकार ने पुरोहित से फिर से सलाह ली। पुरोहित ने कहा– तुम्हें सूअर की योनि में अपने ही शहर के पिछड़े वर्ग में जन्म लेना होगा, इतना ही नहीं तुम अपने पुत्र और परिवार वालों को आसानी से पहचान सकोगे। साहूकार को यह सुनते ही बड़ा धीरज मिला। साहूकार ने सोचा कि मैं अगला जन्म लेते ही अपने पुत्रों से अपनी हत्या करवा दूंगा, जिससे जल्द ही मुझे सूअर रूपी जन्म से मुक्ति मिल जाएगी। उसने अपने पुत्रों से पुरोहित की कही हुई भविष्यवाणी सुनाई और उनको कहा जब मैं सूअर रूप में तुम्हारे सामने आऊं, तो मैं अपने अगले पैर जोड़कर तुम्हारे सामने खड़ा हो जाऊंगा। तुम मेरा यही संकेत देखकर मुझे गोली मार देना, ताकि मैं ऐसी नीची जिंदगी न जी सकूँ। पुत्रों ने अपने पिता के वचनों को सत्य मानकर उनको वचन दिया– "पिताजी हम ऐसा ही करेंगे।"

समय अपनी धारा में बहता चला गया और साहूकार मनुष्य देह को त्याग कर सूअर रूप में जन्म ले चुका था। वह अपने पुत्रों के समक्ष भी आ गया और पुरोहित की कही हुई हर बात सत्य हो गई। जब पुत्रों ने देखा कि कोई सूअर उनके घर के सामने अपने आगे के पैर जोड़कर खड़ा है, पहले तो साहूकार के पुत्रों ने दिया हुआ वचन याद आते ही उसे गोली मारने का निश्चय कर लिया और फिर अपने घर के अंदर लाकर उसे जब गोली मारने लगे तो वह सूअर रूपी पिता हाथों को जोड़कर कानों को पकड़ कर खड़े हो गए। पुत्र इस बात को समझ न पाए तो उन्होंने उसी पुरोहित से सारी घटना विस्तार से कही और कहा– पिता सूअर रूपी जीवन जीना नहीं चाहते थे। पुरोहित ने पुत्रों की बात सुनकर कहा– अब तुम्हारे पिता कानों को पकड़कर कहना चाहते हैं कि उसे माफ कर दो, क्योंकि अब वह मरना नहीं चाहता, उसे अपना यही जीवन प्रिय है। पुत्रों ने पुरोहित की बात मान ली और उसे आजाद कर दिया।

अतः हमें कभी भी अपने जीवन में अहंकार की भावना नहीं रखनी चाहिए। जिस तरह से सूअर रूपी जीवन एक नीची प्रजाति को प्रदर्शित करता है, उसी तरह अमीरी, गरीबी, पशु, पक्षी ये सब जीवन परमात्मा की देन हैं।

शिक्षाः– भगवान् ने जीवन दिया है, वह अच्छा हो या बुरा, सभी को उसे हंसकर स्वीकार कर लेना चाहिए, क्योंकि जीवन अनमोल है।

**सोनिया शर्मा**
बी. ए. (प्रथम वर्ष)

# समय का सदुपयोग

समय तेजी से भागते हुए ऐसे व्यक्ति के समान है जिसके सिर पर केवल सामने कुछ बाल हैं, पीछे का भाग गंजा और बहुत चिकना है। यदि आगे से ही उसे पकड़ लें तब ठीक है बाद में फिर वह हाथ नहीं आता, तुरंत सरक जाता है। जो पल बीत गया सो बीत गया। कहा भी गया है– गया वक्त फिर हाथ नहीं आता।

मानव जीवन में समय अति महत्वपूर्ण माना जाता है। समय सबसे बलवान है। बीता हुआ समय पुनः लौटकर नहीं आता है। समय किसी की प्रतीक्षा नहीं करता। समय किसी पर दया नहीं करता। वह आता है अपना कार्य कर आगे बढ़ जाता है। इसके आने-जाने का मनुष्य को जब पता चलता है जब वह चला जाता है और मनुष्य उसका लाभ न उठाकर पछताता रह जाता है। इसीलिए कहा गया है –

'अब पछताये होत क्या, जब चिड़िया चुग गई खेत।' मानव जीवन की सफलता का रहस्य भी समय के समुचित रूप से उपयोग करने में निहित है। इसी कारण सुप्रसिद्ध संत तथा विचारक गोस्वामी तुलसीदास ने कहा थाः–

**'का वर्षा जब कृषि सुखाने, समय चुकी पुनि का पछताने।'**

समय निर्दयी होने के साथ–साथ हमारे लिए बहुत उदार भी है। वह प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में उचित समय पर आता है। जो व्यक्ति उसके आने को पहचान कर उसका उचित उपयोग करता है वह जीवन में सफल हो जाता है। पर समय को पहचान कर काम ना करने से मनुष्य हाथ मलते रह जाता है। कोई भी कार्य कल पर नहीं टालना चाहिए क्योंकि बीता हुआ समय फिर नहीं आता। कबीर का यह कथन है :

**'काल करे सो आज कर, आज करे सो अब,**
**पल में प्रलय होएगी, बहुरि करेगा कब।'**

जो व्यक्ति आज के काम को कल पर नहीं छोड़ते,वे ही जीवन में सफल होते हैं। क्योंकि वर्तमान ही सब कुछ है,भूत समाप्त हो चुका है तथा भविष्य अभी गर्भ में है। अतः भूत और भविष्य दोनों के बारे में सोचना ही व्यर्थ है।

अंग्रेजी में कहावत है : 'The Moment, which is lost, is lost for ever'.

आज तक संसार में जितने भी महापुरुष हुए हैं उन सब ने समय का सदुपयोग किया। समय को व्यर्थ गंवाने में हम भारतीयों का जवाब नहीं है। आप अपने मित्रों के यहां पहुंचते हैं, पूछते हैं, "कहो भाई क्या कर रहे हो?" उत्तर मिलता है, "कुछ नहीं। यूं ही जरा गप्पें लड़ा रहा था।"

आप बताइए यह भी कोई काम है। जीवन का बहुमूल्य समय हम इस तरह से बिता देते हैं। हम भूल जाते हैं कि जो समय को नष्ट करते हैं समय उन्हें नष्ट कर देता है। अंत में इतना ही कहना चाहूँगी अच्छा होगा समय को पहचानें। उसका मूल्य समझें। उचित समय पर कार्य करके समय का सदुपयोग करें और जीवन जीने का वांछित लक्ष्य प्राप्त करें।

**अमित**
बी.ए. तृतीय वर्ष

# पहेलियाँ

- अंग्रेजी डिक्शनरी का एक ऐसा शब्द जिसमे पांचों स्वर (a, e, i, o, u) मौजूद हों?
  – Education
- उगता नहीं ढलता है, पर चलता है?
  – सिक्का
- वह क्या जिसमें फल है, फूल है और मिठाई है?
  – गुलाब जामुन
- भारत का कौन सा शहर है जिसे आईने में देखोगे तो दिखाई देगा?
  – सूरत
- कौआ उड़ता आकाश में, मगर रहता है कहाँ?
  – 'मगर' पानी में रहता है।
- उनसठ में क्या घटाएं की साठ रह जाए?
  – ऊन
- क्या है जो सफेद रहने पर गंदा, काला रहने पर साफ रहता है?
  – श्यामपटट् (ब्लैकबोर्ड)
- निम्न वाक्य में क्या खास बात है?
  THE QUICK BROWN FOX JUMPS OVER LAZY DOG.
  – इसमें अंग्रेजी के सभी वर्ण आते हैं (A to Z)
- दो संख्याएं बताइए जिन्हें आपस में गुणा करने या घटाने पर एक जैसा परिणाम मिलता है?
  – 1 9 व 0.95

**ईशा**
बी. ए. (प्रथम वर्ष)

# लक्ष्य

यह सच है कि लक्ष्य के बिना ज़िंदगी उस जहाज की भांति है जिसका कोई दिशासूचक यन्त्र न हो, उस डाक पत्र के सामान है जिस पर कोई पता न लिखा हो। ऐसे में जहाज का कप्तान जहाज को कैसे चला पाएगा, उसे क्या पता चलेगा कि उसका जहाज किस दिशा की और अग्रसर हो रहा है। इसी तरह से एक ऐसा पत्र जिसे डाक से तो भेजा जा रहा है लेकिन उस पर कोई पता नहीं लिखा गया है, ऐसे पत्र कि मंज़िल ही अस्तित्व में नहीं है। कोई मंज़िल, मुकाम न होने के कारण वह किस ओर रुखसत होगा – कहीं भी नहीं, वो बैरंग लौट आएगा। इसी प्रकार ज़िंदगी को दिशा देने के लिए भी दिशा सूचक यंत्र की आवश्यकता है। जी हाँ, पत्र की भांति ही ज़िन्दगी में भी पते का ज्ञान उतना ही आवश्यक है जितना जहाज में दिशा सूचक यंत्र का होना ज़रूरी है। लक्ष्य मनुष्य के जीवन में उसके कर्मों को निर्धारित करता है। उसकी गतिविधियों का संचालन करता है। ज़िंदगी के मार्ग में उसको आगे बढ़ाता है। उसे आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है और उसका उत्साह बढ़ाता है। लक्ष्य यानि निशाना अति महत्वपूर्ण है। यदि मनुष्य का एक विशिष्ट निशाना अर्थात उद्देश्य है तो उसके प्रयास उसी प्राप्ति की ओर कार्यरत रहेंगे। अन्यथा जीवन–पथ पर आगे बढ़ते हुए मार्ग की रूकावट उसकी गति को क्षीण करने की कोशिश करती है। यदि मनुष्य उसकी तरफ ध्यान दिए बिना, अपने लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए जीवन–पथ पर अग्रसर होता जाता है, तो यह बांधाएँ निश्चित रूप से ही उसका मार्ग छोड़ देती हैं। स्वयं को उस एक ओर ही केंद्रित कर वह वीर साहस से अपनी मंज़िल की ओर सफलतापूर्वक बढ़ता चला जाता है। इस सन्दर्भ में महाभारत के पात्र अर्जुन का उदाहरण वर्णनीय है। उसे अपने समय का सर्वश्रेष्ठ धनुर्धर होने का सम्मान प्राप्त है। उसकी यह विशेषता थी की जब उसे लक्ष्य मिल जाता था तो वह स्वयं को निशाने की ओर ही पूर्णता केंद्रित कर लेता था। उसका ध्यान अपने लक्ष्य से परे इधर–उधर नहीं जाता था। यही कारण था की जब एक बार उसके गुरु द्रोणाचार्य ने अपने सभी शिष्यों को पेड़ पर बैठी एक चिड़िया की आँख में तीर से निशाना लगाने को कहा तो अर्जुन के अतिरिक्त कोई भी शिष्य वह निशाना न लगा सका, क्योंकि जब वे शिष्य निशाना लगा रहे थे तो किसी को पेड़, किसी को डाली और किसी को चिड़िया दिखाई दे रही थी और जब अर्जुन ने तीर चलाया तो वह सीधा अपने लक्ष्य में ही लगा, जिससे वह अपने गुरु से शाबाशी प्राप्त कर सका। इससे सिद्ध होता है कि एक दिशा में केंद्रित किये गए प्रयास निःसंदेह फलदायक होते हैं बशर्ते की उनमें परिश्रम का भी सम्मिश्रण हो। भाव यह है कि लक्ष्य निर्धारित करके उसकी प्राप्ति के लिए परिश्रम करने से अवश्य ही अच्छा फल मिलता है। जैसा की कहा भी गया है –

"कामयाब कभी नहीं होता,
आलस्य करे जो इंसान,
मेहनत करे जो, उसे मिले सफलता,
एक दिन बने वो महान्।"

**संदीप**
बी.ए. (तृतीय वर्ष)

# English Section

"Your mind is the garden, your thoughts are the seeds.
The harvest can either be flowers or weeds."

-William Wordsworth

**Staff Editor**

***Dr Nidhi***

**Student Editor**

***Nidhi Rawal***

## CONTENTS


1. A Word to the Wise — Dr. Nidhi — 3
2. Democracy in India — Nidhi Rawal — 5
3. Brevity — Neelam — 6
4. Where there is a will, there is a way — Dr. Vinay Wadhwa — 6
5. Tibetan Gems of Wit and Wisdom — Dr. Vinay Wadhwa — 7
6. Fashion — Dimple — 8
7. Growing Indiscipline among Students — Neelam Satija — 9
8. Dark Fire — Vandana Kandhal — 10
9. Winners Versus Losers — Prof. Sarita — 11
10. The Man who Thinks He can... — Preeti Pal — 11
11. 10 Ways to Get Mentally Tough — Neha — 12
12. Don't Quit — Neha — 12
13. Magnificent Quotes — Pawan Kumar — 12
14. Painted Nails — Nidhi Rawal — 13
15. Humanity — Monika Goswami — 13
16. Stop Complaining and Start Living — Komal — 14
17. Friends — Komal — 14
18. Examination — Payal Tyagi — 14
19. My Dad — Sahil Garg — 15
20. Measures for Building Self–confidence... — Nimesh Goel — 15
21. Looks may be Deceptive — Nimesh Goel — 16
22. Golden Thoughts... — Nimesh Goel — 16

23. Thought for the Day 16
Komal

24. Fantasy and Reality 17
Himanshi Vats

25. What is IELTS? 17
Simran

26. That Girl 18
Himanshi Vats

27. What is Life? 19
Sonam

28. Confidence 19
Sonam

29. What is Education? 20
Simran Bhandari

30. Positive Thoughts 20
Anjali

31. Universal Literacy 20
Manisha

32. Tit–Bits 21
Pooja

33. Great Thoughts 21
Pooja

34. Books: The Greatest Treasure 22
Aman Kumar

35. Some Interesting Facts about English 22
Aman Kumar

36. Difference between a House and a Home 22
Aman Kumar

37. My Teachers 23
Pallavi

38. Importance of Colours in Life 23
Pallavi

39. This is Life... 24
Priyanka Punia

40. Soldier 24
Jaskirat Singh

41. The Greatness of India 24
Sadhna

42. A Question Asked from a Girl and Her Answer 25
Sadhna

43. Oh, God! Now Come to the Earth 25
Payal Giri

44. Inspirational Quote 25
Pinki

45. I have Learnt... 25
Payal Giri

46. Dreams 26
Nisha

47. Social Networking 26
Anjali Kalshan

48. A Reflection on Descartes' Meditation 27
Preeti

49. My Favourite Book 27
Rahul Singhmar

50. Fashion and the Modern Youth 28
Bhavya

51. Women Empowerment 28
Antim

52. Increasing Importance of English in Modern Times 29
Dharamvir

53. Confidence: A State of Mind 30
Rakhi

54. Sacred Space 31
Nikhil

55. Quotable Quotes 31
Kajal

56. Health 32
Pinki

57. What is Life Like? 32
Sahil

58. Three Things 32
Shalu

59. Friendship 32
Bhawna

60. The Truth Beyond Success and Failure 33
Vaishali

61. Children's Eyes 34
Pooja

62. Work is Worship 34
Sapna

63. Emotional Pain 35
Mohit

64. Different Views about 'Life' 35
Ashish

65. Happiness 36
Neha

66. Gems of Wisdom 36
Jasbir

## From the Editor's Desk

# A Word to the Wise

Matthew Arnold is said to have once pointed out:

> *"People think I can teach them how to write! What stuff is all this? Have something to say and say it as clearly as you can. Therein lies the secret of success."*

Those who have nothing to say only play with words. And a game of words, howsoever beautiful and charming, is nothing more than a type of crossword puzzle, which makes no sense or essence for any sensible reader. Idea, yes idea alone, is the thing that really matters. And an idea that is based on truth, beauty and goodness (*satyam, shivam, sundaram*) is all a reader really needs for the purpose. Always catch hold of an idea, an idea that is really significant, and everything else will follow in its wake.

Consider, for instance, the following little classic I happened to run into as a child:

Hearts, like doors, open with ease
To very, very little keys;
And never forget that two of these
Are 'I thank you' and 'As you please'.

What the poet means to say is that it is manners i.e. good manners that really matter in life. They add to the charm of life we actually live. What we really need in life is the charm of living.

What you contribute to *The Magazine* is expected to be remarkable for two things — what it says and how it says it.

Instead of looking about for things from here, there and everywhere, try to concentrate upon your own experiences in life—at home, at college, in the playground, in the market place, in the classroom at times and during a journey, on happenings, occurrences, incidents. Try to catch hold of them and try to put them together as colours in a rainbow, juice in an apple, warmth in the sun and freshness in water. That will surely add to the strength of your writing and will make it really new and original.

Whatever the theme or the subject you choose to concentrate upon must have something strikingly new about its presentation too. Even "The Thirsty Crow" you are so very familiar with can be wonderfully modernized. Dr. K.K. Rishi, a retired professor of Zoology, does not end this story with the words: "The crow quenched his thirst and flew away." Instead of that, he rather says: "The crow was a crow of the twentieth century, at once selfish and self-centered. So, he picked up some big pieces, of stone and bombarded the pitcher with them. He reduced the pitcher to pieces, so that none else could quench his thirst after that". How very original! And how very impressive. I'm sure, you will catch up with these suggestions and come out with something really better and much more appreciable.

Just one word more. All our students at I.B. College seem to be the lovers of poetry. That is all very fine. But poetry, as we must always remember, is not just "a complex of whim–whams." It is not just "an idea carried in a basket woven of sentences." It needs a lot more labour to put together "the best words in their best order." As compared to prose that is like "walking," poetry is like "dancing", which requires a lot more skill to be at the top. But, unfortunately, we have, today, come to accept that poetry is no better than what has come to pass for it at *"Hasya Kavi Sammelans"*, a series of jokes and senseless tit–bits. Next time, when you contribute a poem, pray come out with something better, something over–packed with tips of wisdom that may give sense and meaning to life. You are free to pluck flowers from other people's gardens. But at least the blending should be your own. Always keep in mind, however, that "a single flower of your own making is much better than a barrow load of flowers from other people's gardens."

**Dr. Nidhi**
(Staff Editor)

# Democracy in India

*"Democracy is a government of the people, by the people, for the people."*

**–Abraham Lincoln**

'Democracy' is a system of government in which the citizens exercise power directly or elect representatives from among themselves to form a governing body, such as a parliament. The term is derived from Greek word "demokratia", originally coined from "demos" (people) and "kratos" (rule). In English, it means "rule of the majority". India is the largest democratic country in the world. In India, there is a system of governance in which the public has the right to choose their own rulers. India was declared secular and democratic on 26th January, 1950. The democratic India believes in the principles of 'equality', 'liberty', 'justice' and 'fraternity'. The people from any caste, creed, sex, religion and region have an equal right to vote and choose their own representatives.

Four Major Pillars of Democracy:

1. Legistature
2. Executive
3. Judiciary
4. Media

The governments at the centre and in the states are democratically elected and follow the patterns of two houses of the Parliament – Lok Sabha and Rajya Sabha. The governments at the centre and in the states together elect the President of the country who is also the head of the state. The greatest strength of democracy is that there is no governments at all with the will of an individual, but the whole public participates in the elections and claims to make the right government. There are many national as well as regional parties in the country which take part in elections to form a government.

## Five Democratic Principles

Democracy in India works on Five Democratic Principles:

1. Sovereign: Its direct meaning is that India is free from the interference of any foreign power or its control.
2. Socialist: This aims at providing economic and social equality to all our citizens.
3. Secular: It means that people have the freedom to adopt or reject any religion.
4. Democratic: The Government of India is elected by the citizens of the country.
5. Republic: It means that nobody/nothing is prominent in the country, neither hereditary nor a king or queen.

While democracy in India has been appreciated worldwide, there are still miles to go. There are certain factors such as illiteracy, poverty, gender discrimination and communalism which impact the working of democracy in India. These factors need to be eradicated in order to allow the citizens to enjoy democracy in a true sense.

**Nidhi Rawal**
M.A. English (Previous)
(Student Editor)

# Brevity

I enjoyed last Sunday in the recollection of my memorable moments through the photos of my childhood. When I unfolded my album of school days I saw the photographs of my classmates. I recalled a few of them by their names as Kusum Lata Joshi, Kunwar Mahendra Partap Singh, Radhika Rani Goyal and Praduman Nehra. At once, it strikes into my mind if we still have such long names in our society. Earlier in some states of India, the name of a person used to include his father's name and surname in addition to his name. All of us know the full name of our Bapu "Mohan Das Karam Chand Gandhi". Nowadays, there are a few such names.

So, the question arises: How do we use names in the present time? Do we utter them as earlier. Definitely not. A change can be noticed. Most of our younger generation call 'Sush' to 'Sushmita' 'Vandi' to 'Vandana' and 'Aadi' to 'Aaditya'. Not only this they have also shortened the names of relationships. They employ 'Sis' for 'Sister', 'Mom' for 'Mother', 'Bro' for 'Brother'. Further, in the college, the students can be heard saying 'Eco' for 'Economics', 'Pol' for 'Political Science', 'His' for "History'. Besides conversation, they write truncated form like 'tut' for 'tuition', 'GM' for 'Good Morning', 'GN' for 'Good Night' and 'Hlo' for 'Hello'. The situation gets worse when they apply these novel and telescoped expressions in their answer–books while appearing for the university exams. For instance, they indite 'U' for 'You', 'R' for 'Are'.

In fact, the abbreviated and contracted forms should be exercised wherever they are necessary. Without doubt, "brevity" is mandatory in some cases especially when you have to pen more in less time. For eg. a student taking notes from his teacher during the lecture, a secretary noting down dictation from his officer. The students should practise only the permitted contracted forms like 'isn't' for 'is not', 'don't' for 'do not' etc. The students should certainly not use those grammatically incorrect shortened forms in the exams while answering the question paper otherwise the evaluator may also compress the marks in the paper of language! Be careful, dear students.

**Neelam**
Associate Professor of English

# Where there is a will, there is a way

You must have heard the name of Henry Ford the world famous owner of American Automobile Giant Ford Motors. When the production of cars was in its nascent stage, he decided to produce his famous V-8 motor for which he chose to build an engine with the entire eight cylinders cast in one block, and instructed his engineers to produce a design for the engine. The design was placed on paper, but the engineers were unanimous in the belief that it was simply impossible to cast an eight-cylinder engine-block in one place.

Ford said, "Produce it anyway."

"But", they replied, "it's impossible!"

“Go ahead”, Ford commanded, “and stay on the job until you succeed, no matter how much time is required”.

The engineers went ahead. There was nothing else for them to do, if they were to remain on the Ford staff. Six months went by, nothing happened. Another six months passed, and still nothing happened. The engineers tried every conceivable plan to carry out the orders, but the thing seemed out of question; "impossible!"

At the end of the year Ford checked with his engineers, and again they informed him that they had found no way to carry out his orders.

"Go right ahead" , said Ford, "I want it, and I'll have it."

They went ahead, and then, as if by a stroke of magic, the secret was discovered.

The Ford determination had won once more!

The above excerpt from Napoleon Hill's best-seller ***Think and Grow Rich*** brings home the truth that nothing is impossible and strong desire and dogged determination work wonders.

महाविद्यालय की प्रबंध समिति में कर्मयोगी, लग्नशील व सेवाभाव से समर्पित महानुभाव हैं। माननीय श्री धर्मवीर बतरा प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष पद की शोभा बढ़ा रहे हैं। श्री अशोक नागपाल - उपप्रधान, श्री समीर ढींगड़ा - महासचिव और श्री युधिष्ठिर मिगलानी - कोषाध्यक्ष हैं। कार्यकारिणी के सभी माननीय पदाधिकारी व सदस्यगण महाविद्यालय के निरंतर विकास व उन्नति के लिए प्राचार्य महोदय, शिक्षक व गैर-शिक्षक वर्ग को वांछित सहयोग देने के लिए दृढ़ संकल्प हैं। महाविद्यालय का विकास इनके नि:स्वार्थ सेवाभाव से किए गए सार्थक प्रयत्नों का परिणाम है।

## भवन

महाविद्यालय के भवन में छात्र–छात्राओं के लिए अलग-अलग खण्ड हैं। मुख्य भाग में प्राचार्य कक्ष, प्रशासकीय खण्ड, कला संकाय, स्नातकोत्तर विभाग, विज्ञान संकाय, वाणिज्य संकाय, बी.बी.ए. विभाग, कम्प्यूटर विभाग इत्यादि हैं। छात्र–छात्राओं के लिए अलग-अलग अल्पाहार कक्ष भी इसी भाग में है। छात्रा विभाग में प्राध्यापिका कक्ष, महिला प्रकोष्ठ कक्ष, संगीत विभाग (गायन एवं वाद्य), फंक्शनल इंग्लिश प्रयोगशाला, व गृह विज्ञान की दो प्रयोगशालाएँ हैं।

महाविद्यालय में बहुमंजिला भवन का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इस भवन में प्राचार्य कक्ष, प्रशासकीय खण्ड व आधुनिकतम उपकरणों से सुसज्जित प्रयोगशालाएँ निर्माणाधीन हैं।

## पुस्तकालय

विद्यार्थियों व प्राध्यापकों के ज्ञानोपार्जन हेतु महाविद्यालय में एक समृद्ध पुस्तकालय है जिसमें 58 हजार से अधिक उपयोगी पुस्तकें हैं। विद्यार्थियों को दैनिक जानकारी प्रदान करने के लिए 17 समाचार पत्र नियमित रूप से उपलब्ध हैं। निर्धन व मेधावी छात्रों को पाठ्यक्रम की पुस्तकें वर्षभर के लिए प्रदान की जाती हैं। पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ. प्रवीण कुमार के प्रयासों से पुस्तकालय निरंतर विकास व विस्तार की ओर अग्रसर है। उन्होंने पुस्तकालय को UGC INFLIBNIT कार्यक्रम के N-LIST के साथ सम्बद्ध करवाया जिससे विद्यार्थी लगभग 70 हजार e-journals को online access कर सकते हैं।

## शैक्षणिक कीर्तिमान

यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि महाविद्यालय की समर्पित प्रबंध समिति के आशीर्वाद, परिश्रमी प्राचार्य के कुशल नेतृत्व व सुयोग्य प्राध्यापकों के सहयोग व निर्देशन में विद्यार्थियों ने कठोर परिश्रम किया व नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। महाविद्यालय की छात्रा दिव्या ने बी.बी.ए. के चतुर्थ समेस्टर में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र की परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का मान बढ़ाया। यह गर्व का विषय है कि हमारे बी.सी.ए. के छात्र रोहित कुमार ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की परीक्षा में टॉप किया। इसी कड़ी में रीना ने एम.ए. (द्वितीय वर्ष) की विश्वविद्यालय की परीक्षा में प्रथम स्थान व रीतु ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र की वरीयता सूची में हमारे छात्र छात्राओं का नाम सदैव ही होता है। इसी श्रृंखला में विश्वविद्यालय की मैरिट सूची में श्रुति ने बी.बी.ए. में पांचवाँ, निधि रावल ने एम.ए. (अंग्रेजी) में सातवां, रीया ने बी.बी.ए. में पन्द्रहवाँ स्थान अर्जित किया। विज्ञान संकाय के बहुत से छात्र-छात्राओं ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किये। इनमें अंजना सैनी ने 92.41%, डिंपल ने 92.07% व प्रतीक्षा पांडेय ने 91.3% अंक प्राप्त कर विश्वविद्यालय की परीक्षा उत्तीर्ण की।

## पुरस्कार वितरण व दीक्षान्त समारोह

महाविद्यालय की गौरवमयी परम्परा के अनुसार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र की परीक्षा में प्रथम स्थान अर्जित करने वाले विद्यार्थी को दीक्षांत समारोह के अवसर पर स्वर्णपदक से सम्मानित किया जाता है।

गत सत्र में 9 मार्च 2018 को पूर्वाहन में महाविद्यालय में पुरस्कार वितरण व अपराह्न में दीक्षान्त समारोह का आयोजन बड़े हर्षोल्लास से किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में अमेरिका के उद्योगपति एवं समाजसेवी श्री मदनलाल अरोड़ा मुख्य अतिथि थे। उन्होंने कहा कि गरीब पैदा होना कोई शर्म की बात नहीं, परंतु गरीबी में मर जाना बहुत बुरी बात है। यदि इंसान मेहनत व लग्न से कार्य करे तो गरीबी को दूर भगाया जा सकता है। उन्होंने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र की एम.ए. हिंदी की परीक्षा में प्रथम स्थान पाने वाली छात्रा सीता को स्वर्ण पदक व विश्वविद्यालय की मैरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाली अंग्रेजी विभाग की सरबजीत कौर, दीक्षा, अनमोल तथा बी.सी.ए. की अंजलि नागपाल इत्यादि विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय उपलब्धियां प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किये।

दीक्षान्त समारोह के मुख्यातिथि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. कैलाश चंद्र शर्मा थे। उन्होंने महाविद्यालय के 350 विद्यार्थियों को डिग्रीयाँ प्रदान की। महाविद्यालय की प्रबंध समिति के प्रधान श्री धर्मवीर बतरा, उपप्रधान श्री अशोक नागपाल, प्रबंध समिति के अन्य सदस्यगण, तत्कालीन प्राचार्या डॉ. मधु शर्मा, स्टाफ के सभी सदस्य तथा शहर के अनेक गण-मान्य व्यक्तियों की उपस्थिति ने दोनों समारोहों को चार चाँद लगा दिये।

## खेल विभाग

शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य हेतु खेलों के महत्त्व को जानते हुए महाविद्यालय में शारीरिक शिक्षा व खेल विभाग प्रभारी प्रोफेसर राजेश के निर्देशन में विद्यार्थी वर्षभर अनेक खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लेते हैं।

महाविद्यालय के छात्र सुशांत ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित अंतर्महाविद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता में तथा गवर्नमेंट कॉलेज, इसराना में राज्यस्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। सुशांत ने All India University Wrestling Championship में भी चतुर्थ स्थान प्राप्त किया।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं के दौरान बी.ए. (तृतीय वर्ष) की छात्रा प्रिया ने Triple Jump में कांस्य पदक व विशाल ने 100 मीटर दौड़ में चतुर्थ स्थान प्राप्त किया।

आई.बी. महाविद्यालय की बैडमिंटन टीम ने राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं में 2 मैच जीते।

साहिल खत्री ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में All India Inter University Coaching Camp में समभागिता की।

## सांस्कृतिक गतिविधियाँ

महाविद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए उन्हें शिक्षा व खेल के साथ-साथ विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने के अवसर प्रदान किये जाते हैं। सांस्कृतिक गतिविधियों के संयोजक डॉ. सुनीत शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में सत्र 2018-19 में विद्यार्थियों ने युवा समारोह, महाविद्यालय व अंतर्महाविद्यालय प्रतियोगिताओं में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की।

गत वर्षों की भांति विद्यार्थियों में छिपी प्रतिभा अन्वेषण के लिए सत्र के प्रारंभ में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र के निर्देशानुसार प्रतिभा खोज कार्यक्रम का आयोजन 7 व 8 सितंबर 2018 को किया गया। इसके अंतर्गत भाषण, पेंटिंग, गायन, नृत्य, प्रश्नोतरी, कविता पाठ इत्यादि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें 150 से भी अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया।

24 सितंबर 2018 को देशबंधु गुप्ता गर्वनमेंट कॉलेज, पानीपत के द्वारा अंतर्महाविद्यालय जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय की सिमरन व डिंपल ने भाषण प्रतियोगिता में, महिमा ने प्रस्ताव लेखन में व आसमां ने रंगोली प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

जी.बी. कॉलेज, कुराना में दिनांक 8 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2018 तक आयोजित क्षेत्रीय युवा समारोह में हरियाणवी समूह गान को प्रथम स्थान पर संस्तुत (Recommend) किया गया तथा हरियाणवी गजल, पाश्चात्य एकल वाद्य, वाद-विवाद, कवितोच्चारण, मिमिक्री, पाश्चात्य एकल गायन व on the spot photography को द्वितीय स्थान पर प्रशंसित (Commend) किया गया।

क्षेत्रीय युवा समारोह के पश्चात् दिनांक 4 नवंबर से 6 नवंबर 2018 तक सी. आई.एस. के. एल. वी. फतेहपुर, पुंडरी, कैथल में अन्तर्क्षेत्रीय युवा समारोह का आयोजन किया गया जिसमें on the spot photography को द्वितीयस्थान पर प्रशंसित व वाद-विवाद को प्रथम स्थान पर संस्तुत किया गया।

युवा कल्याण एवं खेल विभाग मंत्रालय, भारत सरकार युवा कल्याण विभाग तथा डायरेक्टर ऑफ एन. एस. एस. स्कीम के सौजन्य से DYP Programme के तहत 24 जनवरी 2019 को एस. डी. कॉलेज, पानीपत में जिला युवा संसद में महाविद्यालय के 2 छात्रों ने भाग लिया।

गीता इंजीनियरिंग कॉलेज द्वारा 29 जनवरी 2019 को BIZZ Fiesta 2019 के अंतर्गत Ad-Mad-Show प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के चार छात्रों की टीम ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

Panipat Institute of Engineering and Technology के वार्षिक उत्सव 'Maestros' में महाविद्यालय के जितेश नारंग ने Fastest Finger First, प्राची व शिवांगी ने Food Carnival, सिमरन के ग्रुप ने Flashback प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। इसी कड़ी में श्रुति ने कविता पाठ, रूबल के ग्रुप ने कॉमेडी नाइट्स, पलक, केशव, तरुण व द्विंकल की टीम ने Ad-Mad-Show प्रतिस्पर्धा में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। Spell Bee Competition में सत्यम अरोड़ा ने प्रथम व अंकित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार Wordsworth नामक Event में सिमरन ने प्रथम व तरनजीत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

महाविद्यालय के नौ विद्यार्थी जे.बी.डी. ग्रुप द्वारा करनाल में आयोजित अंतर्महाविद्यालय प्रश्नोत्तरी 'राजघराना' में 17 फरवरी 2019 को प्रतिभागी बने।

डिंपल व श्रुति ने दयाल सिंह कॉलेज, करनाल में 23 फरवरी 2019 को प्रान्त स्तरीय कविता पाठ प्रतियोगिता में समभागिता की।

महाविद्यालय की बहुमुखी प्रतिभा संपन्न छात्रा सिमरन ने देशबंधु गवर्नमेंट कॉलेज, पानीपत द्वारा 23 फरवरी 2019 को आयोजित निबंध प्रतियोगिता में प्रथम, कविता पाठ प्रतियोगिता में द्वितीय व वाद-विवाद प्रतियोगिता में श्रेया के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया। इसी श्रृंखला में दीपक व उसकी टीम ने Skit में द्वितीय, शुभम ने PPT व निमेष ने स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

25 फरवरी 2019 को दयानंद महिला महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र द्वारा अंतर्महाविद्यालय कविता पाठ प्रतियोगिता में सिमरन व डिंपल ने क्रमश: द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया व इस प्रतियोगिता की ओवरऑल ट्राफी जीतकर महाविद्यालय का मान बढ़ाया। निमेष गोयल ने Waste Management Event में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

HARCOFED द्वारा आर्य कॉलेज, पानीपत में 7 मार्च 2019 को प्रांत-स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें श्रुति [(बी.कॉम. II) (H)] ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। उसे 700 रूपये की नकद राशि ईनाम स्वरूप प्रदान की गई। श्रुति ने अगले स्तर की प्रतियोगिता में रोहतक में भाग लिया।

8 मार्च 2019 को गुरू नानक खालसा कॉलेज, करनाल द्वारा आयोजित अंर्तमहाविद्यालय सांस्कृतिक उत्सव में भाषण प्रतियोगिता में डिंपल ने प्रथम व सिमरन ने तृतीय स्थान, रेनूका व डिंपल ने क्रमशः स्लोगन लेखन व कविता पाठ प्रतियोगिता में सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। सत्यम्, मनीष व शिवम् की टीम ने क्विज में सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

गीता इंजीनियरिंग कॉलेज, नौल्था के 13 व 14 मार्च 2019 को आयोजित वार्षिक उत्सव 'Sangrila' में राखी (बी.कॉम. II) ने नेल पेंटिंग में तथा सचिन, जितेश, रोनित, अभितोष ने PUBG में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

16 मार्च 2019 को DAV Women College, Karnal द्वारा 'इंद्रधनुष' उत्सव का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की सिमरन ने On the Spot Essay में प्रथम, निमेष ने Waste-O-Mania में द्वितीय तथा अनमोल सिंह ने पंजाबी लोकगीत में, टिवंकल ने हिंदी कविता पाठ व डिंपल ने पंजाबी कविता पाठ प्रतियोगिता में तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया।

दिल्ली विश्वविद्यालय के दौलत राम कॉलेज में अंतर्महाविद्यालय वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव Manjari–2019 में 28-29 मार्च 2019 को सिद्धार्थ शाही (बी.एससी.) व तरुण पाठक (बी.बी.ए.) ने RHAPSODY में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## रोजगार एवं सूचना केंद्र

- विद्यार्थियों को रोजगार सम्बन्धी नवीनतम जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से महाविद्यालय में वर्ष 1998 में रोजगार एवं सूचना केंद्र का गठन किया गया। वर्तमान में इस केंद्र की प्रभारी प्रोफेसर सोनिया, अध्यक्षा, भौतिकी विभाग हैं।
- प्रोफेसर सोनिया के कुशल नेतृत्व में सत्र 2018–19 में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को रोजगार संबंधी उपयुक्त जानकारी प्रदान की गई।

- Director Higher Education Haryana व रोजगार एवं सूचना केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में United Nation Development Programme के सहयोग से महाविद्यालय की अंतिम वर्ष की छात्राओं के लिए चार दिवसीय कैरियर गाइडेंस एंड काउंसलिंग ट्रेनिंग कैंप का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।
- इस प्रकोष्ठ के सौजन्य से Haryana Chamber of Commerce and Industry द्वारा 'Job Fest 2019', WIPRO द्वारा 'Campus Recruitment Drive', INFOSYS Technologies Limited द्वारा 'Mega Placement' तथा Department of Employment, Haryana द्वारा 'Mega Job Fair' का आयोजन किया गया।
- गरिमा (बी.एससी. तृतीय वर्ष) का INFOSYS में चयन हुआ। बी.एससी. तृतीय वर्ष के शिवम्, मिली मलिक, पूजा, आकांक्षा; एम. कॉम. की प्रिंसी व बी.कॉम. तृतीय वर्ष के अभिषेक, अंशु, कमल, अभितोष, कोमल, कंचन, निधि, ऋतु, काजल, सिमरन, किरण, सत्यम्, पंकज, दिव्या का विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों में चयन हुआ।
- 9 फरवरी 2019 को अमर उजाला व जिलेट कंपनी के सहयोग से आयोजित Career Development and Personality Grooming Event "सफलता अपनी मुट्ठी में" के अंतर्गत कुनाल (बी.कॉम. तृतीय वर्ष ), चेतन (बी.बी.ए. तृतीय वर्ष) व रोहित शर्मा (बी.ए. तृतीय वर्ष) को अमर उजाला में चयनित किया गया।
- 27 फरवरी 2019 को Concentrix Company के सहयोग से Campus Recruitment Drive का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के 19 विद्यार्थियों–बी.एससी. तृतीय वर्ष के योगेश, डिंपल, गरिमा, नितिन, राहुल, आकांक्षा, अश्वनी; बी.सी.ए. तृतीय वर्ष के रिषभ; बी.कॉम. तृतीय वर्ष के सत्यम्, सिमरन, यशिका, राधिका, तान्या, दिव्या, सोनाली, प्रियंका छोक्कर, अभिषेक, शुभम; एम. कॉम. की ईशा का चयन हुआ।

## महिला प्रकोष्ठ व कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ

- रोजगार सम्बन्धी सूचना के साथ-साथ महाविद्यालय में विद्यार्थियों को कानूनी रूप से भी साक्षर किया जाता है। विशेष रूप से छात्राओं को महिला सम्बन्धी अधिकारों के बारे में महिला प्रकोष्ठ व कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ के माध्यम से जागरूक किया जाता है।
- महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. अर्पणा, विभागाध्यक्षा, गणित विभाग व कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. पूनम मदान के निर्देशन में सत्र 2018-19 में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।
- 25 अगस्त 2018 को स्त्री सुरक्षा एवं सशक्तिकरण विषय पर स्लोगन लेखन कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- 28 सितंबर 2018 को पानीपत के वकील श्री विकास रूहल ने कानूनी अधिकारों व श्री सुकृत ने ट्रैफिक नियमों के बारे में छात्राओं को अवगत कराया।
- 'निर्भया नहीं निर्भय बनें' विषय पर 29 अक्टूबर 2018 को व्याख्यान करवाया गया।
- "स्त्री एवं शिक्षा", "स्त्री एवं कानूनी अधिकार", "महिला लेखिकाएँ" विषयों पर 5 फरवरी 2019 को निबंध लेखन का आयोजन किया गया।
- डी.ए.वी. कॉलेज, करनाल द्वारा आयोजित अंतर्महाविद्यालय निबंध लेखन प्रतियोगिता में B.B.A. II की स्नेहा ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया।

- 6 मार्च 2019 को आर्य कॉलेज, पानीपत द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं में सिमरन (बी.कॉम. द्वितीय) ने निबन्ध लेखन में प्रथम व भाषण प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।
- 8 मार्च 2019 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित Pinkathon में महाविद्यालय की 1300 छात्राओं के साथ–साथ सभी महिला प्राध्यापकों ने भी भाग लिया।

## यूथ रैडक्रॉस क्लॅब

- महाविद्यालय में विद्यार्थियों को अधिकारों के साथ ही कर्त्तव्यों का भी बोध करवाया जाता है। यूथ रैडक्रॉस क्लॅब के माध्यम से विद्यार्थियों में सेवाभाव विकसित किया जाता है।
- यूथ रैडक्रॉस क्लॅब की संयोजिका प्रोफेसर सोनिया, विभागाध्यक्षा भौतिकी विभाग, के नेतत्व में यूथ रैडक्रॉस क्लॅब ने विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया।
- जिला रैडक्रॉस द्वारा आर्य महाविद्यालय में आयोजित कैंप में महाविद्यालय के 10 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर विकास ने नृत्य प्रतियोगिता, कनिका ने भाषण प्रतियोगिता तथा द्विंकल, कोमल, सोनिया व सिमरन ने ग्रुप डांस प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त किया।
- विद्यार्थियों की इस टीम की कार्यकारी प्रोफेसर सोनिया को सर्वश्रेष्ठ काउन्सलर की ट्रॉफी प्रदान की गई।

- प्रोफेसर सोनिया ने देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय और रैड रिबन एड्स सोसाइटी द्वारा आयोजित ट्रेनिंग कैंप में भाग लिया ।
- 17 से 21 सितंबर 2018 तक जिला रैडक्रॉस द्वारा आर्य कॉलेज में आयोजित कैंप में हमारे 10 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कनिका ने भाषण प्रतियोगिता और सिमरन, सोनिया व अंजलि ने ग्रुप डांस में रजत पदक अर्जित किया।
- विद्यार्थियों के इस ग्रुप के कार्यकारी डॉ. गुरनाम व प्रोफेसर कनक शर्मा थे। प्रोफेसर कनक शर्मा को सर्वश्रेष्ठ काउन्सलर की ट्रॉफी दी गई।
- डॉ. गुरनाम के निर्देशन में महाविद्यालय के 10 छात्रों ने 28 अक्टूबर से 2 नवम्बर तक श्री अनंत प्रेम आश्रम, नांगली बेला, हरिद्वार में भारतीय रैडक्रॉस सोसाइटी, चंडीगढ द्वारा आयोजित कैंप में भाग लिया। इस कैंप में सिद्दार्थ ने एकल नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया।
- 23 जनवरी 2019 को श्रीमती सोनिया ने प्राथमिक चिकित्सा व होम नर्सिंग पर अपने विचार प्रेषित किए।
- जिला रैडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से महाविद्यालय में 12 मार्च 2019 को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि डॉ. बी.बी. शर्मा, डीन, पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी ने रक्तदान को समाज के लिए प्रेरणादायक महादान बताया। इस शिविर में 101 विद्यार्थियों ने रक्तदान का पुण्य कार्य किया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना

- विद्यार्थियों में त्याग, पारस्परिक सद्भाव व राष्ट्रीय सेवा भाव जैसे सदगुणों का विकास करने हेतु महाविद्यालय में न केवल यूथ रैडक्रॉस क्लॅब अपितु राष्ट्रीय सेवा योजना भी कार्यरत है। वर्तमान में प्रोफेसर अतुल कुमार आहूजा के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर रही है।

- मानव संसाधन विकास मंत्रालय तथा पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय, भारत सरकार की संयुक्त पहल "स्वच्छ भारत समर इंटर्नशिप में महाविद्यालय के 43 स्वयंसेवकों ने 15 मई 2018 से 31 जुलाई 2018 तक लगभग 100 घंटों में पानीपत के विभिन्न गांवों खोतपुरा, काबडी व चंदौली में स्वच्छता सम्बन्धी कार्य किए।
- सत्र 2018-19 के लिए 110 स्वयं सेवकों ने पंजीकरण करवाया। 17 अगस्त 2018 को एक दिवसीय शिविर के माध्यम से इन स्वयंसेवकों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना गीत 'उठें समाज के लिए उठें' तथा 'राष्ट्रीय सेवा योजना ताली' से अवगत करवाया गया।
- लगभग 80 स्वयंसेवकों ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2018 को योग किया।
- 'वृक्षारोपण सप्ताह' 19 अगस्त 2018 से 25 अगस्त 2018 तक महाविद्यालय में मनाया गया। सभी स्वयंसेवकों को कम से कम 2 पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया गया। इस प्रकार लगभग 215 पौधों का रोपण किया गया। वृक्षारोपण सप्ताह के अंतिम दिन 25 अगस्त 2018 को तत्कालीन उपप्राचार्य प्रोफेसर पी. के. नरूला व स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय के छात्रा खण्ड में पोधारोपण किया।
- 28 सितंबर 2018 को महाविद्यालय के 40 छात्रों ने पानीपत रेलवे स्टेशन व उसके समीपवर्ती स्थानों पर स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया।
- 'सर्जिकल स्ट्राइक डे' 29 सितंबर 2018 को मनाया गया जिसके अंर्तगत 70 स्वयंसेवकों ने 'सर्जिकल स्ट्राइक' विषय पर पोस्टर बनाए। प्रोफेसर रंजना शर्मा, विभागाध्यक्षा, रसायन विभाग, ने निर्णायक की भूमिका निभाई।
- 2 अक्टूबर 2018 से 8 अक्टूबर 2018 तक 'दान उत्सव' मनाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने हॉली पार्क व पानीपत के औद्योगिक क्षेत्र के निकटवर्ती झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले जरुरतमन्द लोगों को कपड़े, पैन, पेंसिल इत्यादि वितरित की।
- 'राष्ट्रीय एकता दिवस' का आयोजन महाविद्यालय के प्रागंण में 31 अक्टूबर 2018 को किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को सरदार वल्लभ भाई पटेल पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फ़िल्म दिखाई गई। इसी दिन सरदार पटेल के जीवन से सम्बधित व्याख्यान करवाया गया।
- 10 दिसम्बर 2018 को राष्ट्रीय स्वयं सेवकों को 'तम्बाकू निषेध' पर शपथ दिलवाई गई।
- 'सड़क सुरक्षा सप्ताह' का आयोजन 4 फरवरी 2019 से 10 फरवरी 2019 तक किया गया। लगभग 90 विद्यार्थियों ने इस अवसर पर आयोजित रैली में भाग लिया। 'सड़क सुरक्षा' पर पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता व व्याख्यान का आयोजन किया गया।
- 17 मार्च 2019 से 23 मार्च 2019 तक 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' पर आधारित एक सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन गांव खोतपुरा, जिला पानीपत में किया गया। इस शिविर का उद्घाटन डॉ. दिनेश सिंह राणा के करकमलों से हुआ। सात दिवसीय शिविर में 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। शिविर के अंतिम दिन खोतपुरा के सरपंच श्री विनोद संधू मुख्य अतिथि थे। उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया।

## एन.सी.सी.

- देश प्रेम की भावना के साथ ही विद्यार्थियों में अनुशासन की भावना विकसित करने हेतु महाविद्यालय में शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर राजेश कुमार के नेतृत्व में एन.सी.सी. के तत्वावधान में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाता है।
- जून 2018 में एन.सी.सी. के विद्यार्थियों ने रिषिकुल स्कूल, सोनीपत में आयोजित Combined Annual Training Camp (CATC) में भाग लिया। इस कैंप में आयोजित फुटबाल मैच में महाविद्यालय की टीम (आशीष, गौरव, मोहित, संदीप, अक्षय, सन्नी, रोहित खर्ब, अजय, अजय शर्मा, सुनील व अनुज) ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। संदीप ने 200 मीटर दौड़ में प्रथम, गौरव व अनिल ने क्रमशः 100 मीटर तथा 400 मीटर रेस में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।
- 1 मार्च 2019 से 3 मार्च 2019 तक GVM Girls College, Sonepat में आयोजित NCC Fest में NCC Cadets ने भाग लिया। पूजा व साक्षी के युगल नृत्य ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पूजा, साक्षी, निशा, सोनिया, निशू, जाह्नवी, काजल, उज्जवल, गुलफशा व कोमल के समूह नृत्य ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। रस्साकशी में महाविद्यालय के एन.सी.सी. कैडेटस की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सुधांशु ने भाषण प्रतियोगिता में तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया।

## अंग्रेजी विभाग

सत्रारंभ में बी.ए. ऑनर्स व एम.ए. में नवागन्तुक विद्यार्थियों के लिए भव्य समारोह का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने नृत्य व गीत इत्यादि के माध्यम से अपनी कला का परिचय दिया।

श्री रामचंद्र मिशन, यूनाइटेड नेशनल इनफॉरमेशन सेंटर एंड द हार्टफुलनेस एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा आयोजित राष्ट्रीयस्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

22 अक्टूबर 2018 को सहायक प्राध्यापिका निधि व अंग्रेजी विभाग के अन्य प्राध्यापकों के सहयोग से जयपुरिया क्विज़ 2018 का आयोजन किया गया।

एम.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा निधि ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की परीक्षा में सातवां स्थान प्राप्त किया।

प्रोफेसर नीलम ने Director General Higher Education Panchkula, Haryana द्वारा प्रायोजित गौर ब्राह्मण डिग्री कॉलेज, रोहतक में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में Glacalization in Ajneya's Translated Text Islands in the Stream पर शोधपत्र प्रस्तुत किया।

विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ. निधि ने यूजीसी द्वारा आयोजित Refresher Course में 15 जनवरी 2019 से 5 फरवरी 2019 तक भाग लिया व Contemporary Indian Women Novelists and Dilemma of Being a Woman in Patriarchal Indian Society नामक लघु शोधपत्र Indian English Literature: An Overview (2018) में प्रकाशित करवाया। इनका लेख Professor B.R. Sethi: Pride of the City Historic द ट्रिब्यून में 15 सितम्बर 2018 को प्रकाशित हुआ।

अंग्रेजी विभाग की सहायक प्राध्यापिका ज्योति नैन ने 16 फरवरी 2019 को मारकण्डा नेशनल कॉलेज, शाहबाद मारकण्डा में Theories of Colonial and Post Colonial Era Propounded by Native Thinkers पर शोध पत्र प्रस्तुत किया। 1 मार्च 2019 को दयानंद महिला महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित एक दिवसीय सेमिनार में इन्होंने Women Empowerment Through Budget 2018 नामक शोध पत्र प्रस्तुत किया। इनके तीन शोध पत्र (i)Theories of Colonial and Post Colonial Era Propounded by Native Thinkers (ii) Diasporic Elements in Bharti Mukherjee and Jhumpa Lahiri's Novels (iii) Predicament of Women in Margret Atwood's Novels विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय जर्नलों में प्रकाशित हुए।

सत्र के अंत में एम.ए. व बी.ए. ऑनर्स फाइनल के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया तथा विश्वविद्यालय की वरीयता सूची में स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया।

## हिंदी विभाग

- 14 सितंबर को हिंदी विभाग के तत्वाधान में हिंदी दिवस के अवसर पर "विश्व में हिंदी के बढ़ते कदम" नामक विषय पर भाषण व निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

- एम.ए. हिंदी (अंतिम वर्ष) की छात्राओं कुमारी ज्योति व कुमारी ममता ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की परीक्षा में क्रमश: प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

- कुमारी रीना, रितू, सरिता व मनीषा ने एम.ए. हिंदी (प्रथम वर्ष) की कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की परीक्षा में क्रमश: प्रथम, तृतीय, सप्तम् व नवम् स्थान प्राप्त किया।
- श्री रामचंद्र मिशन के तत्वावधान में आयोजित 'राष्ट्रीय निबंध प्रतियोगिता' में हमारे महाविद्यालय के 12 विद्यार्थियों ने समभागिता की। निमेश (बी.बी.ए. फाईनल) तथा स्वीटी आहूजा (बी.ए. फाईनल) ने क्रमश: दूसरा व सातवाँ स्थान प्राप्त किया।
- विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ. सुनीता व डॉ. जोगेश ने खानपुर विश्वविद्यालय में 5 जनवरी 2019 से 25 जनवरी 2019 तक चले पुनश्चर्या कार्यक्रम में सफलतापूर्वक समभागिता की।
- लगातार चार वर्षों से हमारे विद्यार्थी कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में स्वर्ण पदक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं।
- डॉ. जोगेश ने 1-2 दिसंबर 2018 को चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय, भिवानी में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'प्रवासी साहित्य एक विमर्श' नामक शोध पत्र प्रस्तुत किया। उन्होंने 27 जनवरी 2019 को डी.ए.वी. कॉलेज, चीका द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में "वैश्विक परिदृश्य में हिंदी साहित्य संभावनाएं और चुनौतियाँ" विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

## इतिहास विभाग

डॉ. रामेश्वरदास, विभागाध्यक्ष, इतिहास विभाग ने 'Guru Angad Dev Vetenrinary and Animal Sciences University, Ludhiana' में 23 से 25 नवंबर 2018 तक आयोजित National Workshop में Technological Revolution and Handloom Industry नामक शोध पत्र प्रस्तुत किया। इस Workshop में उन्होंने एक Session में Chairperson की भूमिका का भी वहन किया।

23 फरवरी 2019 को DAV College, Pundri, Kaithal द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में उद्घाटन भाषण में "हिंदी साहित्य में राष्ट्रीय एकता के विविध स्वर" पर अपने मूल्यवान विचार प्रेषित किये।

हरियाणा साहित्य अकादमी की साहित्यिक पत्रिका 'हरिगंधा' में प्रकाशन हेतु इनका आलेख "भारतीय राष्ट्रीय चेतना और उसका ऐतिहासिक संदर्भ" स्वीकार किया गया है।

## अर्थशास्त्र विभाग

अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर पी.के. नरूला महाविद्यालय की प्रबंध समिति में शिक्षक वर्ग के प्रतिनिधि (2017-20) के रूप में कार्यरत हैं। वे

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की UMC कमेटी तथा Academic Council (2017-19) के सदस्य के रूप में भी कार्य कर रहे हैं।

महाविद्यालय का उद्यान विभाग प्रो. नरूला व डॉ. निधान सिंह की देखरेख में कार्य कर रहा है। उन्होंने महाविद्यालय में पौधारोपण करवाया तथा विद्यार्थियों को पौधारोपण व पौधों की देखभाल करने के लिए प्रेरित किया। फरवरी 2019 में एस.डी. कॉलेज द्वारा आयोजित पुष्प प्रदर्शनी में उद्यान विभाग ने विभिन्न श्रेणियों में पांच पुरस्कार जीते।

प्रो. नरूला महाविद्यालय में भवन कमेटी के सदस्य के रूप में निर्माणाधीन भवन के लिए अपना पूर्ण सहयोग दे रहे हैं।

## गृह विज्ञान विभाग

गृह विज्ञान विभाग में डॉ. सीमा के निर्देशन में 24 सितंबर 2018 से 27 सितंबर 2018 तक "पुष्पसज्जा" पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। "Best out of Waste" पर छात्राओं को 19 जनवरी 2019 से 23 जनवरी 2019 तक कार्यशाला के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया।

विभाग की अध्यक्षा डॉ. सीमा ने Spirulina as Dietary Supplement in Chronic Diseases विषय पर शोध पत्र प्रकाशित करवाया।

## संस्कृत विभाग

संस्कृत विभाग ने श्रीमती सोनिया वर्मा के नेतृत्व में 6 अगस्त 2018 से 18 अगस्त 2018 तक संस्कृत संभाषण कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला के समापन दिवस पर मुख्यातिथि संस्कृत भारती हरियाणा के अध्यक्ष श्री रामनिवास जी थे। श्री अनिल कुमारी शास्त्री, शिक्षक, संस्कृत भारती, हरियाणा ने कार्यशाला का संचालन किया।

18 अगस्त 2018 को महाविद्यालय के सभागार में भव्य वस्तु प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया।

महाविद्यालय की 10 छात्राओं ने श्रीमती सोनिया वर्मा के नेतृत्व में संस्कृत भारती, हरियाणा द्वारा आयोजित रिवाड़ी में 'वर्ग' (कैंप) में भाग लिया। इस 'वर्ग' में विद्यार्थियों ने शोभायात्रा में बढ़-चढ़कर भाग लिया। शोभायात्रा के दौरान विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक की भी प्रस्तुति दी। 'वर्ग' की समापन बेला पर उन्होंने एक संस्कृत नाटक भी प्रस्तुत किया। समापन दिवस के मुख्यातिथि श्री दिनेश कामत जी, महामंत्री, अखिल भारतीय संस्कृत संगठन थे। इसके अतिरिक्त इस सुअवसर पर श्री श्रेयांश द्विवेदी, कुलपति, महर्षि बाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय तथा श्री जयप्रकाश, उत्तरपूर्वी क्षेत्र के संगठन मंत्री सहित कई विद्वान उपस्थित थे।

## गणित विभाग

डॉ. अर्पणा गर्ग, विभागाध्यक्षा, गणित विभाग के निर्देशन में सत्र 2018-19 में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। सत्र के प्रारम्भ में B.Sc. व M.Sc. (Maths) में नवागन्तुक विद्यार्थियों के लिए Freshers' Party आयोजित की गई।

11 अगस्त 2018 को विभाग द्वारा 'गणितीय रंगोली प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। इसी दिन गणित विषय पर आधारित पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

अंतर्महाविद्यालय गणितीय रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन 20 अगस्त 2018 को किया गया जिसमें 13 महाविद्यालयों के 26 विद्यार्थियों ने समभागिता की। इस अवसर पर निर्णायक मंडल की भूमिका में डॉ. रविकांत, सेवानिवृत्त एसोसिएट प्रोफेसर, एस.डी. कॉलेज; श्री सतीश गोयल, सेवानिवृत्त एसोसिएट प्रोफेसर, आई.बी. कॉलेज व श्रीमती सरिता, विभागाध्यक्षा, गणित विभाग, दयाल सिंह कॉलेज, करनाल थे। इसी दिन अंतर्महाविद्यालय पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें 10 महाविद्यालयों के 10 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

"History/ Achievements of Mathematicians" विषय पर Power Point Presentation Competition का आयोजन 17 सितंबर 2018 को किया गया।

डॉ. अर्पणा गर्ग ने "Groups and Rings" नामक पुस्तक प्रकाशित करवाई। उन्होंने MCM DAV College, Chandigarh द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में "Unique Form of Generator of Repeated Roots Cyclic Codes Over the Ring of Integers Modulo $2^m$" विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

विभाग की प्राध्यापिका प्रो. कनक शर्मा ने साऊथ ऐशियन यूनिवर्सिटी, न्यू दिल्ली द्वारा 21-23 जनवरी 2019 में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कान्फ्रेंस में "A Novel Defect Correction Scheme for Singularly Perturbed Convection Diffusion Problems" नामक विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

## रसायन विभाग

रसायन विभाग की अध्यक्षा प्रोफेसर रंजना शर्मा के नेतृत्व में विभाग ने डॉ. कलाम के जन्मदिन की उपलक्ष्य में निबंध लेखन व पोस्टर बनाओ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया।

विभाग के विद्यार्थियों ने हरियाणा स्टेट काउंसिल फॉर सांईस एण्ड टेक्नोलॉजी द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय विज्ञान निबंध लेखन प्रतियोगिता में अर्हता प्राप्त की।

Haryana State Council for Science and Technology द्वारा आर्य कॉलेज में आयोजित प्रश्नोत्तरी में विभाग की दो टीमों ने क्रमशः द्वितीय व तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया।

विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मोहम्मद ईशाक कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र के रसायन विभाग के Board of Study के सदस्य बने।

## वनस्पति शास्त्र विभाग

वनस्पति शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. निधान सिंह ने "A Field Guide to Flowering Plants of the Mekal Hills, Central India" नामक पुस्तक प्रकाशित करवाई।

एक अन्य पुस्तक में इनका Some Himalayan Wild Flowers with Horticultural Potential नामक अध्याय भी प्रकाशित हुआ।

इसके अतिरिक्त इनके दो शोध पत्र भी प्रकाशित हो चुके हैं व एक अन्य शोध पत्र Rediscovery of Calanthe Davidii (orchidaceae) from Western Himalaya (Himachal Pradesh, India) after a Century प्रकाशन हेतु स्वीकृत हो गया है।

इन्होंने 28 सितंबर 2018 से 1 अक्टूबर 2018 तक जयपुर, राजस्थान में Department of Biotechnology, Govt. of India तथा British Council and Centre of Excellence in Science and Mathematics Education, IISER, Pune द्वारा संयुक्त रूप से प्रायोजित STEM Teacher Training Workshop on Research Based Pedagogical Tools (Level 1) में समभागिता की।

वे ASP College, Devrukh, Maharashtra के वनस्पतिशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में वार्ता हेतु आमंत्रित किए गए। इन्होंने इस कांफ्रेंस के साथ-साथ इस महाविद्यालय के बी.एससी. के विद्यार्थियों को व्याख्यान भी दिया।

## भौतिकी विभाग

भौतिकी विभागाध्यक्षा प्रोफेसर सोनिया के नेतृत्व में महाविद्यालय में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. श्याम कुमार, Dean Faculty of Sciences and Dean Faculty of Engineering and Technology of Kurukshetra University, Kurukshetra, ने Particle Physics के बारे में अपने विचार प्रेषित किए।

भौतिकी विभाग द्वारा सितंबर 2018 में विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विजयी छात्र-छात्राओं को ट्राफी व प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

बी.एससी. के दो विद्यार्थियों ने पंडित चिरंजीलाल शर्मा गवर्नमेंट पी.जी. कॉलेज, करनाल में आयोजित प्रदर्शनी में 'Swachh Bharat with e-bin' विषय पर प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया।

प्रोफेसर सोनिया ने नवंबर 2018 में मारकण्डा नेशनल कॉलेज, शाहबाद मारकण्डा में आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में The importance of Nanotechnology विषय पर एक शोध पत्र प्रस्तुत किया।

इन्होंने फरवरी 2019 में हिंदू गर्ल्स कॉलेज, सोनीपत में आयोजित एक राष्ट्रीय सेमिनार में The Wonderful World of Carbon Nanotubes विषय पर एक शोध पत्र प्रस्तुत किया।

मार्च 2019 में दयाल सिंह कॉलेज, करनाल में आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में इन्होंने Effect of Mobile Phone Radiation on Health नामक शोधपत्र प्रस्तुत किया।

## कंप्यूटर सांईस विभाग

प्रोफेसर अश्वनी गुप्ता ने 7 सितंबर 2018 को D.B.G. Govt. College, Panipat में STARTUP INDIA पर एकदिवसीय Orientation Workshop में भाग लिया।

इन्होंने एस. डी. कॉलेज, पानीपत में 10 अगस्त 2018 को हारट्रोन द्वारा आयोजित STARTUP INDIA - LOGISTICS & IMPLEMENTATION विषय पर एक दिवसीय शिविर में समभागिता की।

31 जनवरी 2019 को IIT, MUMBAI के सहयोग से एस.डी. कॉलेज, पानीपत में Spoken Tutorials पर एक दिवसीय कार्यशाला में भी इन्होंने भाग लिया।

27 सितंबर 2018 को STARTUP Project - An Initiative by Hon'ble Prime Minister Sh. Narender Modi विषय पर विभाग द्वारा बी.एससी. तथा बी.सी.ए. के विद्यार्थियों के लिए एक सेमिनार का आयोजन किया गया।

विभाग की सहायक प्राध्यापिका श्रीमती नीतू भाटिया ने क्रमश: 30 मार्च को Image Resolution Enhancement Using CBIR व 31 मार्च को Content Based Image Retrieval and Its Techniques पर दो शोध पत्र प्रस्तुत किए ।

इन्होने RTCAIT में A Comparative Analysis of Existing Satellite Image Enhancement Techniques for Effective Visual Display नामक शोधपत्र प्रकाशित करवाया।

## वाणिज्य विभाग

वाणिज्य विभाग में विभिन्न गतिविधियों के आयोजन हेतु सत्रारंभ में 4 अगस्त 2018 को प्रोफेसर अजयपाल सिंह व प्राध्यापिका माधवी के नेतृत्व

में Commerce Association बनाई गई। इसके अंतर्गत सर्वप्रथम 5 सितंबर 2019 को शिक्षक दिवस मनाया गया।

तीज व स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में 11 अगस्त को मेहंदी, पेंटिंग व Hand Painting प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें विभाग के 70 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विजयी छात्र-छात्राओं को तत्कालीन प्राचार्या डॉ. मधु शर्मा द्वारा पुरस्कार व प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

1 सितंबर 2018 को Commerce Fest का आयोजित किया गया। जिसमें गायन व नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

28 व 29 सितंबर 2018 को क्रमशः बी.कॉम. व एम. कॉम. के नव प्रविष्ट छात्र-छात्राओं के लिए फ्रेशर्स पार्टी आयोजित की गई।

3 अक्टूबर 2018 को श्री बिन्नी राठी, Office Head of Max Life Insurance, Panipat ने "Investors' Awareness" विषय पर व्याख्यान देकर प्राध्यापकों व विद्यार्थियों को लाभान्वित किया।

गीता इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, नौलथा की रजिस्ट्रार श्रीमती प्रेरणा ने विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास हेतु "Personality Development" नामक विषय पर अपने विचार प्रकट किए।

4 अप्रैल 2019 को वाणिज्य विभाग द्वारा बी.कॉम. व एम. कॉम. फाईनल के विद्यार्थियों को रंगारंग कार्यक्रम के द्वारा विदाई दी गई।

डी.ए.वी.(पी.जी.) कॉलेज, करनाल द्वारा 2 मार्च 2019 को एक दिवसीय सेमिनार में प्रोफेसर अजयपाल सिंह ने "Issues and Challenges of Microfinance in India" पर शोधपत्र प्रस्तुत किया।

जय राम कॉलेज, लोहार माजरा, कुरुक्षेत्र द्वारा क्रमशः 24 जनवरी व 26 मार्च 2019 को आयोजित एक दिवसीय दो सेमिनारों में प्रोफेसर अजयपाल सिंह ने दो शोधपत्र क्रमशः Digital Payments in India -An Overview तथा Road Accidents in India- Causes and Prevention प्रस्तुत किए।

प्राध्यापिका माधवी ने HRDC, Panjab University, Chandigarh द्वारा 1 मई 2018 से 28 मई 2018 तक आयोजित Orientation Programme में सफलतापूर्वक समभागिता की।

इन्होंने 8 जनवरी 2019 को डी.ए.वी. (पी.जी.) कॉलेज, अम्बाला शहर द्वारा आयोजित एक दिवसीय सेमिनार में Changing Scenario of HRM India पर शोधपत्र प्रस्तुत किया। डॉ. पूनम मदान व सुश्री निशा गुप्ता ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के बी.कॉम. व जम्मू विश्वविद्यालय के बी.बी.ए. के पाठ्यक्रम पर आधारित Rural Marketing नामक पुस्तक प्रकाशित करवाई।

विभाग की सहायक प्राध्यापिका श्रीमती नेहा रानी ने New Challenges in Management and Business नामक पुस्तक में Customer Relationship Management पर एक अध्याय लिखा तथा विभाग की सहायक प्राध्यापिका श्रीमती सुमन कुण्डू ने Green Marketing नामक शोधपत्र प्रकाशित करवाया।

## छात्र कार्यकारिणी परिषद

सत्र 2018-19 में महाविद्यालय में तत्कालीन प्राचार्या डॉ. मधु शर्मा व सभी प्राध्यापकगणों के सहयोग से छात्र संघ का चुनाव करवाकर छात्र कार्यकारिणी परिषद गठित की गई। इस परिषद के प्रधान पद पर सत्यम् अरोड़ा (बी.कॉम., तृतीय वर्ष), उपप्रधान पद पर सावन (बी.ए., प्रथम वर्ष), महासचिव पद पर रिलेश मलिक (बी.कॉम., तृतीय वर्ष) व सचिव के पद पर नेहा (बी.ए., द्वितीय वर्ष ) ने चुनाव में विजय प्राप्त की।

## हमारा संकल्प

निःसंदेह आई.बी. महाविद्यालय ने समाज में अपनी अमिट पहचान बना ली है किन्तु समयानुसार सर्वपक्षीय विकास हेतु महाविद्यालय की प्रबंध समिति, प्राचार्य, प्राध्यापक-गण तथा गैर शिक्षक कर्मचारी अभी भी दृढ़ संकल्पित हैं।

महाविद्यालय की पत्रिका 'इंद्रगुंजन' के प्रकाशन में सहयोग के लिए सभी का आभार।

अनन्य शुभकामनाओं सहित।

**प्रोफेसर नीलम**

## श्रद्धांजलि

शोक का विषय है कि विगत दो सत्रों में निम्नलिखित आत्मीयजनों का वियोग सहन करना पड़ाः-

- श्री पूर्ण लाल बंगा (जीजा, प्रोफेसर पी.के. नरूला, विभागाध्यक्ष, अर्थशास्त्र विभाग)
- श्रीमती स्नेह लता (भाभी, डॉ. रामेश्वर दास, विभागाध्यक्ष, इतिहास विभाग)
- श्रीमती पूनम पुजारा (सास, डॉ. अर्पणा गर्ग, विभागाध्यक्ष, गणित विभाग)
- श्री राजेश वधवा (भाई, डॉ. विनय वधवा, एसोसिएट प्रोफेसर, अंग्रेजी विभाग)
- श्री लाल चन्द (माली)

**इन्द्रगुंजन परिवार सभी दिवंगत आत्माओं की शान्ति के लिए परमपिता परमात्मा से प्रार्थना करता है।**

# Glimpses of the Talent Search Competition and Zonal Youth Festival

ONAL YOUTH FESTIVAL
41वां क्षेत्रीय युवा समारोह
(करनाल जोन)

# Glimpses of the Activities of the Dept. of Biosciences

B.Sc. Medical Students during a Plant Collection Tour to Lansdowne, Pauri Garhwal, Uttrakhand, October 2018

Felicitation of the Winners of Life Sciences Quiz Organized by Biological Association during the session

B.Sc. Medical Students during One-Day Local Trip to Yamuna River for Plant Disease Survey and Collection with Dr. Nidhan Singh

Dr. Nidhan Singh with B.Sc. Medical Students during Local Plant Collection Tour to Yamuna River (March 2019)

# A View of N.C.C. Activities

N.C.C. Girls (Cultural Programme Winners and 2nd Position in Kho–Kho) in CATC Camp at Rishikul School, Sonipat in June, 2018

N.C.C. Boys (2nd Prize in Tug–of–war and Football) in CATC Camp at Rishikul School, Sonipat in June, 2018

(Swach Bharat Yatra, 50 kms cycling) N.C.C. Cadets Receiving certificates from Hon'ble Vice-chancellor of DCRUST, Murthal in January 2019

Winners of Cultural Programme in II N.C.C. Festival 2019 at G.V.M. College, Sonipat

# A View of N.S.S. Activities




रक्तदान शिविर में विद्यार्थियों को प्रोत्साहन देते डा. मोहम्मद इशाक, प्रो. सोनिया (यूथ रेड क्रॉस प्रभारी), डा. बी.बी. शर्मा (मुख्य अतिथि), प्रो. पी.के. नरूला (अध्यक्ष, अर्थ–शास्त्र विभाग), एवं प्रो. कनक शर्मा (यूथ रेड क्रॉस समिति सदस्या)

महाविद्यालय परिसर में पौधा-रोपण सप्ताह के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों के साथ पौधारोपण करते प्रो. पी.के. नरूला तथा राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी प्रो. अतुल आहुजा

सात दिवसीय विशेष शिविर में गाँव खोतपुरा में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' की प्रचार रैली निकालते हुए। स्वयं सेवकों का साथ देते हुए गाँव के सरपंच श्री विनोद सन्धु व प्रो. निशा गुप्ता




शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण लेते हुए

दान उत्सव के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक हॉली पार्क के निकट झुग्गी–झोपड़ी में रहने वाले गरीब बच्चों को स्टेशनरी की वस्तुएँ बाँटते हुए

# विदाई के स्मरणीय पल

श्रीमती आशा अग्रवाल, अध्यक्षा, संगीत विभाग (30.10.2017)

श्री ब्रह्म सिंह, लैब अटेन्डेन्ट, वनस्पति विज्ञान विभाग (30.06.2018)

डॉ. राजकुमारी शर्मा, प्राध्यापिका, हिन्दी विभाग (31.08.2018)

श्री महेन्द्र शर्मा, लैब–अटेन्डेन्ट, भौतिकी विभाग (31.12.2018)

श्री राम प्रसाद, लैब अटेन्डेन्ट वाणिज्य विभाग (30.04.2019)

# The Upcoming Huge Building of the Science and Administrative Blocks of the College

# UNFORGETTABLE MOMENTS

Ms. Sumedha Kataria, the Deputy Commissioner of Panipat, honouring Dr. Arpana Garg (Women Cell Incharge of the college) for extending excellent contribution during Pinkathon Race (held on 8th March 2019) which has found a place in the Guinness Book of World Records

Sh. Manohar Lal Khattar, the honourable Chief Minister of Haryana, giving away an Offer Letter to our college student Anshu during the Job Fair held in Karnal on January, 27-28 2019

# OUR BRILLIANT STARS

**Rohit Kumar**
1st Position in University
B.C.A. (III )

**Divya**
1st Position in University
B.B.A. (II)

**Reena**
1st Position in University
M.A.Hindi (Final)

**Ritu Rani**
2rd Position in University
M.A. Hindi (Final)

**Ritu**
3rd Position in University
M.A. Hindi (Previous)

**Shruti**
5th Position in University
B.B.A. (II)

**Riya**
15th Position in University
B.B.A. (II)

**Nidhi Rawal**
7th Position in University
M.A. English (I Sem.)

**Dimple**
92% in
B.Sc. III (Non-Medical)

**Komal**
89.81% in
B.Sc. III (Non-Medical)

**Anjana Saini**
92.4% in
B.Sc. III (Medical)

**Pratiksha Panday**
91.37% in
B.Sc. III (Medical)

**Pooja**
Winner in Duet Dance
During NCC Fest 2019 at
GVM College, Sonipat (NCC)

**Manpreet**
Winner in Tug of War
During NCC Fest-2019 at
GVM College, Sonipat (NCC)

**Sakshi**
Winner in Duet Dance
During NCC Fest-2019
at GVM College, Sonipat (NCC)

**Anil**
Gold in 400 mtr at
CATC NCC Camp (NCC)

**Komal Kharb**
2nd in 100 mtr race
3rd in 200 mtr race at
CATC Camp at Kanipla (NCC)

**Diksha**
2nd Position in Group Dance
During CATC NCC Camp
Rishikul, Sonipat (NCC)

**Sudhanshu Dubey**
Winner of Speech Competition
During NCC Camp at
GVM College, Sonipat (NCC)

**Sandeep**
Gold in 200 mtr
CATC NCC Camp (NCC)

**Kanika**
2nd in Speech Competition
at Arya College Training Camp
(Youth Red Cross Club)

**Simran**
2nd in Group Dance at
Arya College Training Camp
(Youth Red Cross Club)

**Sonia**
2nd in Group Dance at
Arya College Training Camp
(Youth Red Cross Club)

**Anjali**
2nd in Group Dance at
Arya College Training Camp
(Youth Red Cross Club)

**Sidharth**
Ist Position with Trophy
at Shri Anant Prem Ashran
Nangli Bela, Haridwar Training Camp
(Youth Red Cross Club)


**IB (PG) COLLEGE, PANIPAT**
G.T. Road, Panipat - 132103, Haryana
Tel.: 0180-2636700, 2638259 | Email: college@ibleducation.com



093541 01541
Design-n-print